उत्तराखण्ड सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों हेतु पुनर्वास नीति, 2025

विषय सूची

सारणी सूची.....

संकेतक सूची.....

1. परिचय..... 1
   1.1 परिचय..... 1–3
   1.2 प्रस्तावना..... 3
2. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ..... 3
3. परिभाषाएं..... 3
4. नीति के उद्देश्य..... 3–4
5. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के पंजीकरण की प्रक्रिया..... 4
6. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की श्रेणी..... 4–5
7. जिला स्तरीय निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति..... 6–7
8. राज्य स्तरीय निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति..... 7–8
9. विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्व..... 8–20
   9.1 राज्य बाल संरक्षण समिति..... 8
   9.2 प्रमुख सचिव/सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास /महिला कल्याण विभाग..... 8–9
   9.3 जिलाधिकारी..... 9–12
   9.4 बाल कल्याण समिति..... 12–14
   9.5 जिला बाल संरक्षण इकाई..... 14–15
   9.6 पुलिस विभाग..... 15
   9.7 श्रम विभाग..... 15–16
   9.8 शहरी स्थानीय निकाय/निवासी कल्याण संघ/व्यापार मंडल..... 16–17
   9.9 राजस्व विभाग/प्रशासन..... 17–18
   9.10 शिक्षा विभाग/जिला शिक्षा अधिकारी..... 18
   9.11 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग/मुख्य चिकित्सा अधिकारी..... 18–19
   9.12 राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण..... 19
   9.13 समाज कल्याण विभाग..... 19
   9.14 कौशल एवं सेवायोजन विभाग..... 19–20
10. रेस्क्यू के बाद स्ट्रीट चिल्ड्रेन के पुर्नवास हेतु तत्काल सेवाएं/अपेक्षित कार्य..... 20–25
11. स्ट्रीट चिल्ड्रेन के पुर्नवास हेतु अन्य उपाय..... 26
12. विभिन्न हितधारको की भूमिका..... 26
13. अनुलग्नक: 1– "जोखिम में बच्चों" और "कमजोर परिवारों" की पहचान करने के लिये बुनियादी संकेतक..... 26–27

सारणी सूची

क्र0सं0	विषय	पृष्ठ सं0
1.	जिला स्तरीय निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति	6–7
2.	राज्य स्तरीय निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति	7–8
3.	रेस्क्यू/बचाव के बाद स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु तत्काल सेवाएं एवं अपेक्षित कार्य	20–22
4.	सड़क पर रहने वाले बच्चों एवं अपराध के शिकार बच्चों का पुनर्वास हेतु अन्य उपाय	23–25
5.	स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु विभिन्न हितधारकों की भूमिका	26

संकेतक सूची

क्र0सं0	संक्षेप	विस्तार
1.	CiSS (सी0आई0एस0एस0)	चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युऐशन (सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चे)
2.	NCPCR (एन0सी0पी0सी0आर0)	नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग)
3.	SOP (एस0ओ0पी)	स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (मानक संचालन प्रक्रिया)
4.	CWC (सी0डब्ल्यू0सी0)	चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (बाल कल्याण समिति)
5.	SJPU (एस0जे0पी0यू)	स्पेशल ज्युवेनाइल पुलिस यूनिट (विशेष किशोर पुलिस इकाई)
6.	IEC Material (आ0ई0सी0 मैटीरियल)	सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री (प्रचार प्रसार सामग्री)
7.	CNCP (सी0एन0सी0पी0)	चाइल्ड इन नीड ऑफ केयर एण्ड प्रोटेक्शन (देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी के बच्चे)
8.	SIR (एस0आई0आर0)	सोशल इनवेस्टिगेशन रिर्पोट (सामाजिक अन्वेषण आख्या)
9.	SCPS (एस0सी0पी0एस0)	स्टेट चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी (राज्य बाल संरक्षण समिति)
10.	DCPU (डी0सी0पी0यू)	डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट(जिला बाल संरक्षण इकाई)
11.	RTE Act (आर0टी0ई0 एक्ट)	निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (राइट टू एजुकेशन एक्ट)

12.	ICP (आई0सी0पी0)	इनडिविजुअल केयर प्लान (व्यक्तिगत, देखरेख कार्ययोजना)
13.	Juvenile Justice Act (जे. जे. एक्ट)	ज्युवेनाइन जस्टिस एक्ट (किशोर न्याय(बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015)
14.	Chile Care Institution (CCI) (चाइल्ड केयर इन्स्टीट्यूशन)	चाइल्ड केयर इनस्टीट्यूशन (बाल देखरेख संस्था)
15.	ITP Act (आई0टी0पी0 एक्ट)	द इममोरल ट्रैफिकिंग एक्ट (अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम),1956
16.	SCPCR (एस0सी0पी0सी0आर)	राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

उत्तराखण्ड शासन

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अनुभाग–2

अधिसूचना

प्रकीर्ण

03 जून, 2025 ई0

संख्या–245 / XVII-2/25-01(12)2022/E-22876–राज्यपाल, उत्तराखण्ड राज्य में सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के चिन्हिकरण एवं पुनर्वास हेतु पुनर्वास नीति, 2025 को बनाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

परिचय

1.1 परिचय भारतवर्ष विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बच्चों को बेहतर देखरेख, सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान करना राज्य का सबसे प्रमुख लक्ष्य होने के साथ–साथ एक बहुत बड़ी चुनौती भी है। भारत में बहुत से ऐसे बच्चे है, जो परिवार के प्यार–दुलार व अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है, जिनमें फुटपाथ, सड़को, गलियों, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि स्थानों पर रहने वाले बच्चे भी सम्मिलित है, जो अपना जीवन सड़कों व फुटपाथ पर व्यतीत कर रहे है। प्रायः स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की समस्या एक शहरी समस्या है, जिसका मुख्य कारण गरीबी, शिक्षा का अभाव, पारिवारिक विघटन, संसाधनों की कमी एवं बढ़ती आबादी आदि है।

उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े होने के कारण यहां स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की समस्या आमतौर पर शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में देखी जा सकती है। उत्तराखण्ड राज्य में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हिकरण एवं पुनर्वास के क्षेत्र में आवश्यक कार्य किये जा रहे हैं किन्तु इस दिशा में और भी अधिक दृढ़ संकल्प के साथ त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

1.2 प्रस्तावनाः भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 के खंड (3), अनुच्छेद 39 के खण्ड (ङ) और खण्ड (च), अनुच्छेद 45 और अनुच्छेद 47 के उपबन्धों के अधीन यह सुनिश्चित किया जाना है कि बालकों की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाए और उनके बुनियादी अधिकारों की पूर्णतया सुरक्षा प्रदान की जाय। इस क्रम में राज्य में बच्चों के देखरेख व संरक्षण को सर्वोपरि प्राथमिकता प्रदान कर कार्रवाई की जानी आवश्यक है, जिस हेतु राज्य के विभिन्न सरकारी तंत्रों में मौजूद ढांचों एव संसाधनो के बेहतर समन्वयन के माध्यम से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हिकरण व पुनर्वास की दिशा में कार्य किया जा सकता है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) के संबंध में स्वतः संज्ञानित रिट याजिका (एसएमडब्ल्यूपी (सी) संख्या 6/2021 में स्वतः संज्ञान लिया है और अपने आदेश दिनांक 15.11.2021, 13.12.2021 और 17.01.2022 में निम्नलिखित निर्देश पारित किए हैं–

1. जिलाधिकारियों / जिला कलेक्टरों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा तैयार किए गए एस0ओ0पी 2.0 के अनुसार कदम उठाने होंगे।

2. प्रत्येक राज्य के सचिव, महिला एवं बाल कल्याण विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी होगें कि सभी जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलेक्टर एनसीपीसीआर द्वारा तैयार एसओपी 2.0 के कार्यान्वयन के लिए त्वरित कार्रवाई करें।
3. सड़क पर रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की पहचान/चिन्हिकरण के लिए अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाय और उसके बाद के चरणों के लिए भी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को आवश्यक जानकारी प्रदान की जाय।
4. राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया जाता है कि वे एन0सी0पी0सी0आर0 द्वारा आयोजित बैठकों में तुरंत भाग लें और एस0ओ0पी 2.0 के कार्यान्वयन में अपनी चिंताओं, यदि कोई हो, को व्यक्त करने के अलावा अपने सुझाव दें।
5. राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश बिना किसी देरी के सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान करने के साथ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन0सी0पी0सी0आर0) के बाल स्वराज–चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) पोर्टल पर आवश्यक जानकारी अपलोड करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।
6. सर्वप्रथम बच्चों की पहचान कर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन0सी0पी0सी0आर0) के बाल स्वराज–चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) पोर्टल के प्रथम चरण में इन बच्चों का पंजीकरण करना अति महत्वपूर्ण है और बच्चों की सामाजिक पृष्ठभूमि पर प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने, व्यक्तिगत देखभाल योजना के तहत लाभों की पहचान एवं किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत बाल कल्याण समितियों द्वारा की जाने वाली जांच हेतु राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन0सी0पी0सी0आर) या माननीय न्यायालय के किसी अन्य निर्देशों की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है और साथ ही चिन्हित बच्चों या उनके परिवारों या अभिभावकों को सरकारी योजनाओं/लाभों से जोड़ा जाय।
7. जिला मजिस्ट्रेट प्रासंगिक जानकारी सी0आई0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करेंगे, जो प्रथम चरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अन्य चरणों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाय।
8. राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र, सभी संबंधित प्राधिकारियों को स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0 एस0) के चिन्हिकरण और पुनर्वास हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश जारी करें।
9. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन0सी0पी0सी0आर0) द्वारा आयोजित की जाने वाली अगली बैठक में, बाल स्वराज–चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) पोर्टल पर सभी चरणों के पूरा होने की प्रतीक्षा किए बिना, चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0 आई0 एस0एस0) के पुनर्वास से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की जानी चाहिए।
10. प्रक्रिया में और देरी करे बिना राज्य सरकारें, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन0सी0 पी0सी0आर0) के मार्गदर्शन के साथ, चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास के लिए नीति तैयार करेंगी।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में, उत्तराखण्ड राज्य द्वारा उपलब्ध संसाधनों, वित्तीय अनुदानों, बुनियादी ढांचे आदि मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु नीति बनायी गयी है।

2. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ

(1) इस नीति का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों हेतु पुनर्वास नीति, 2025 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में होगा।

(3) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

3. परिभाषाएं

(क) "बालक" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति, जिसने अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो ;

(ख) "सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) से अभिप्रेत है, कोई बालक जो–

1. सड़क जैसी परिस्थितियों में, बिना किसी सहयोग के अकेले रहता है, अथवा
2. सड़क जैसी परिस्थितियों में अपने परिवार के साथ रहता है, अथवा
3. दिन में सड़क जैसी परिस्थितियों में और रात को अपने परिवार, जो पास की झुग्गी/झोपड़ियों में रहता है, के साथ घर में रहता है ;

(ग) "बालक के सर्वोत्तम हित" से बालक के बारे में किए गए किसी विनिश्चय का आधार, जिससे उनके मूलभूत अधिकारों और आवश्यकताओं की पूर्ति, पहचान, सामाजिक कल्याण तथा भौतिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास किया जाना सुनिश्चित हो, अभिप्रेत है।

4. उद्देश्य

1. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की देखरेख और संरक्षण हेतु एन0सी0पी0सी0आर0 द्वारा जारी सी0आई0एस0एस0–एस0ओ0पी 2.0 का प्रभावी क्रियान्वयन।
2. सड़क/फुटपाथ/गलियों/बाजार/रेलवे स्टेशन आदि स्थलों पर रहने वाले बाल श्रम करने वाले बच्चों के चिन्हिकरण व उनके उपयुक्त पुनर्वास के लिए प्रभावी कदम उठाना।
3. चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास के लिए राज्य और ज़िला दोनों स्तर पर नोडल अधिकारी की भूमिका और जिम्मेदारियां सुनिश्चित करना।

4. चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास के लिए उनकी मौजूदा स्थिति के अनुसार उपायों की सिफारिश करना और चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0 आई0एस0एस0) की रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए एक योजना बनाना।

5. सड़क पर रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की पहचान और पुनर्वास की प्रक्रिया

1. जनपदों मे हॉटस्पॉट क्षेत्रों का भेद्यता मानचित्रण के माध्यम से जिले के अधिकारियों द्वारा चिन्हांकन।
2. जिले के अधिकारियों द्वारा सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की पहचान व सरकारी तंत्र व स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से बचाव/रेस्क्यू करना।
3. बाल स्वराज पोर्टल पर समस्त बचाव/रेस्क्यू किये गये स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0 एस0) की सूचना अपलोड करना एवं पोर्टल पर पंजीकृत स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0 एस0) को पहचान पत्र जारी करना।
4. बचाए गए/रेस्क्यू बच्चों को तत्काल स्वास्थ्य जांच, परामर्श, चिकित्सा उपचार, कपड़े, भोजन आदि जैसी सेवाएं प्रदान करना।
5. बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के द्वारा बच्चों को माता–पिता/अभिभावकों/रिश्तेदारों के साथ अथवा संस्थागत/गैर संस्थागत देखभाल में रहने हेतु आवश्यकतानुसार आदेश जारी करना।
6. बच्चे की सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट और व्यक्तिगत बाल देखभाल योजना तैयार करना।
7. बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के आदेश के क्रम में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बच्चों व परिवारों को सरकारी योजनाओं/लाभों से जोड़ना।
8. व्यक्तिगत देखरेख योजना में की गई सिफारिशों के अनुसार बचाव/रेस्क्यू किये गये बच्चों का जिले के अधिकारियों द्वारा अनुवर्ती (Follow-up) कार्रवाई।

6. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की श्रेणी (Categories of Children in Street Situation)

1. **बिना सहारे के बच्चे सड़कों पर अकेले रहते हैं:** ये वे बच्चे हैं जो माता–पिता के देखरेख या परिवार की सहायता प्रणाली के बिना, सड़कों, फुटपाथों या किसी सार्वजनिक स्थान पर अपने दम पर रह रहे हैं, उनके लिए सड़क ही घर है, उदाहरण गुमशुदा, भागे हुए, परित्यक्त और अनाथ बच्चे।
2. **बच्चे दिन में सड़कों पर रहते हैं और रात में अपने परिवार के साथ घर वापस आ जाते हैं जो पास की झुग्गी/झोपड़ियों में रहते हैं** ये वो बच्चे हैं जो दिन के समय सड़क पर घूम कर अपना समय व्यतीत करते है हालांकि, वे रात में अपने माता–पिता के साथ रहने के लिए घर जाते हैं जो पास की झुग्गी या झोपड़ी में रहते हैं। ये बच्चे केवल घूमते हुए, भीख माँगते हुए, कूड़ा बीनते हुये या सामान/वस्तुएँ बेचते हुए पाए जा सकते हैं। बच्चों के इस समूह में माता–पिता के मार्गदर्शन का अभाव है, क्योंकि उनके माता–पिता भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं।
3. **अपने परिवार के साथ सड़कों पर रह रहे बच्चे:** ये वो बच्चे हैं जो अपने परिवार के साथ सड़कों पर रह रहे हैं, वे देश के विभिन्न हिस्सों से हैं और अपना निर्वाह करने के लिए शहर

चले गए हैं। वे ज्यादातर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जैसे निर्माण में अस्थायी श्रमिक। इन परिवारों में मौसमी के साथ–साथ स्थायी प्रवासी भी शामिल हैं। इन परिवारों के बच्चे भी उनके साथ सड़क पर रहते हैं, ज्यादातर घूमते हैं, भीख मांगते हैं, कूड़ा बीनते हैं, सामान बेचते हैं, या अपने माता–पिता के साथ बाल श्रम भी करते हैं इत्यादि।

देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी (सी0एन0सी0पी0) के बच्चो के कुछ उदाहरण, जो सड़क पर रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की उपर्युक्त तीन व्यापक श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं, निम्नवत् हैं:

1. **सड़कों पर रह रहा परित्यक्त बच्चा :** एक बच्चा अपने जैविक या दत्तक माता–पिता या अभिभावकों द्वारा छोड़ दिया गया और अब सड़कों पर रह रहा है।
2. **सड़कों पर रहने वाला विकलांग बच्चा, जिसको छोड़ दिया गया है**–शारीरिक, न्यूरोलॉजिकल या मानसिक अक्षमता के कारण माता–पिता द्वारा बड़ी संख्या में बच्चों को छोड़ दिया जाता है। ऐसे कई बच्चे अक्सर सड़क की परिस्थितियों में पाए जाते हैं जो मानसिक अथवा शारीरिक रूप से अथवा दोनों से विकलांग होते हैं, जो अन्य स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की तुलना में उनकी भेद्यता बहुत अधिक होती हैं।
3. **सड़कों पर रह रहा अनाथ बच्चा** : जैविक या दत्तक माता–पिता या कानूनी अभिभावक, जो बच्चे की देखभाल करने के लिए तैयार नहीं है, या देखभाल करने में सक्षम नहीं है, का बच्चा जो, अब सड़कों पर रह रहा है।
4. **बाल श्रमः** बाल श्रम अर्थात् किसी दुकान, वाणिज्यिक स्थापना, कार्यशाला फर्म, आवासीय होटल, भोजनालय, सार्वजनिक आमोद या मनोरंजन या अन्य स्थान में कार्य करने वाला व्यक्ति जो कानून द्वारा निर्धारित आयु सीमा से छोटा हो (जिसने अपनी आयु 14 वर्ष पूरी नहीं की है) को बालक द्वारा स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी आजीविका या प्रक्रिया में श्रम या सेवा प्रदान करने के लिये बच्चे को या उक्त बच्चे पर नियंत्रण रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान या लाभ प्रदान कर नियोजित/नियुक्त किया गया है। सड़क की परिस्थितियों में ऐसे बच्चे भी हैं जो बाल श्रम में लगे हुए हैं।
5. **काम करने वाले बच्चेः** आय के लिए जूते पॉलिश करने वाले बच्चे या भोजनालयों, चाय की दुकानों, सड़क के किनारे के स्टालों, मरम्मत की दुकानों, निर्माण स्थलों, बाजारों आदि में काम करना अथवा दैनिक आधार पर अपने अस्तित्व के लिए विक्रेता (सड़कों पर/यातायात संकेतों पर फूल, समाचार पत्र, फल और अन्य सामान बेचना) के कार्यों पर निर्भर हैं।
6. **बाल भिखारीः** बाल भिखारी वे बच्चे हैं जो सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थान पर भिक्षा मांग रहे हैं या प्राप्त कर रहे हैं या भिक्षा मांगने या प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी भी निजी परिसर में प्रवेश कर रहे हैं, या भिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी भी पीड़ादायक, घाव, चोट, वि कृति या बीमारी, चाहे वह खुद की हो या किसी जानवर या किसी अन्य व्यक्ति की, को उजागर या प्रदर्शित कर रहे हैं।
7. **कूड़ा बीनने वालेः** जो बच्चे सड़क किनारे या रेलवे स्टेशन के परिसर, बस टर्मिनस या किसी सार्वजनिक स्थान पर कचरा उठाते हैं।
8. रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर रहने और काम करने वाले बच्चे।
9. सड़कों/फुटपाथों/बस स्टैंडों/रेलवे स्टेशनों/फ्लाईओवरों आदि पर परिवारों के साथ रहने और काम करने वाले बच्चें।

10. झुग्गियों/झोपड़ियों में परिवारों के साथ रहने वाले और सड़कों पर काम करने वाले बच्चें, निर्माण स्थलों पर परिवारों के साथ रहने वाले बच्चें।
11. रेड लाइट एरिया में रहने वाले व्यवसायिक यौनकर्मियों के बच्चे/सड़कों पर घूमने वाले बच्चें।
12. पर्यटक स्थलों में समुद्र/नदी तट पर घूमने वाले, समुद्र/नदी तट पर रहने वाले बच्चे (परिवार के साथ या बिना)।
13. भाई–बहन की देखभाल करने वाले बच्चेः स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0), जो स्वयं देखरेख व संरक्षण की आवश्यकता (सी0एन0सी0पी0) की श्रेणी में आते हैं, सड़कों पर रहने के साथ–साथ अपने भाई–बहनों का ख्याल रखते है।
14. मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0)।
15. सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले बच्चे।
16. ऑटोमोबाइल विंड स्क्रीन आदि की सफाई करते बच्चे।

7. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति

क्र0सं0	नमित अधिकारी	पदनाम
1.	जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2.	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण	सदस्य
3.	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/एस0पी0	सदस्य
4.	यातायात पुलिस प्रभारी	सदस्य
5.	नोडल अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई	सदस्य
6.	स्थानीय निकाय/ई0ओ0 नगर निगम/नगर पंचायत	सदस्य
7.	जिला विकास अधिकारी (DDO), पंचायत	सदस्य
8.	हॉटस्पॉट क्षेत्रों के खण्ड विकास अधिकारी(BDO)	सदस्य
9.	जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी	सदस्य साचिव
10.	मुख्य शिक्षा अधिकारी	सदस्य
11.	नोडल अधिकारी, मानव तस्करी विरोधी इकाई (पुलिस)	सदस्य
12.	बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य
13.	हॉटस्पॉट क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट	सदस्य
14.	मुख्य चिकित्सा अधिकारी	सदस्य
15.	जिला श्रम अधिकारी	सदस्य
16.	जिला समाज कल्याण अधिकारी	सदस्य
17.	परामर्शदाता/साइकोलॉजिस्ट (जिला बाल संरक्षण इकाई/चाइल्ड हेल्पलाइन 1098)	सदस्य
18.	जिला कार्यक्रम अधिकारी/हॉट स्पॉट क्षेत्र के बाल विकास परियोजना अधिकारी	सदस्य
19.	बाल श्रम/स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के लिये कार्य करने वाले गैर सरकारी संस्थाओ के प्रतिनिधि	सदस्य

20.	संचालक, खुला आश्रय गृह	सदस्य
21.	चाइल्ड हेल्पलाइन इकाई/रेलवे/बस चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रतिनिधि	सदस्य

8. सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) हेतु राज्य स्तरीय पुनर्वास, निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति

क्र0सं0	नमित अधिकारी	पदनाम
1.	मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन	अध्यक्ष
2.	सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण	सदस्य
3.	पुलिस, महानिदेशक	सदस्य
4.	एडीजी/आई0जी, ट्रैफिक	सदस्य
5.	एडीजी/आई0जी0(बाल कल्याण)	सदस्य
6.	एडीजी/आई0जी0(लॉ एण्ड ऑर्डर)	सदस्य
7.	प्रमुख सचिव/सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
8.	प्रमुख सचिव/सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
9.	प्रमुख सचिव/सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
10.	प्रमुख सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, उत्तरखण्ड शासन	सदस्य
11.	प्रमुख सचिव/सचिव, श्रम विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
12.	प्रमुख सचिव/सचिव, न्याय विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
13.	प्रमुख सचिव/सचिव ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
14.	प्रमुख सचिव/सचिव शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
15.	प्रमुख सचिव/सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तराखण्ड शासन	सदस्य
16.	निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड	सदस्य सचिव

राज्य स्तर पर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास, निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु निर्धारित कार्य

प्रमुख सचिव/सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, उत्तराखण्ड शासन

- *सी0आई0एस0एस0* की जाँच करने के लिए जिलाधिकारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठक
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार को सीआइएसएस की पहचान और पुनर्वास की स्थिति पर रिपोर्ट का प्रेषण
- जिला अधिकारियों के लिये तंत्र विकसित करना ताकि सड़क से बचाये गये प्रत्येक स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को तत्काल आधार पर रुपये 2000/- की एक किट प्रदान की जा सके। धनराशि की व्यवस्था किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अन्तर्गत एकत्रित किशोर न्याय निधि से की जा सकेगी।
- आंगनबाड़ी केन्द्रों, शिशुगृहों तथा विद्यालयों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) का नामांकन सुनिश्चित कराना एवं इस प्रक्रिया को सुगम बनाना।

कि [illegible] ग (बालको की देखरेख एव संरक्षण) अधि नियम, 201[illegible] वर्ष [illegible]5 के अन्तर्गत (सीएसआर पहल के माध्यम से एक निजी स्पॉसरशिप कार्यक्रम का सृजन।

स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को सडको से दूर रखने के लिये उनके परिवार को सशक्त बनाना।

9. विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्व

9.1 राज्य बाल संरक्षण समिति (एस0सी0पी0एस0) के दायित्व:–

9.1.1 राज्य सरकार के द्वारा निजी स्पॉसरशिप कार्यक्रम के कार्यान्वयन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्पॉसरशिप कार्यक्रम के तहत उद्योगों और कंपनियों की सीएसआर पहल के माध्यम से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को अधिकतम लाभ दिया जा सके। निजी स्पॉसरशिप कार्यक्रम के तहत भी स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वासन हेतु कार्य किया जा सकता है, जो बच्चे को वित्तीय सहायता प्रदान करने के इच्छुक हैं।

9.1.2 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की पहचान, बचाव और पुनर्वास के लिए जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पुलिस कर्मी, श्रम अधिकारी आदि को शामिल किया जायेगा।

9.1.3 जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए क्षमता विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, ताकि वे समय–समय पर बचाव/रेस्क्यू अभियान चला सकें।

9.1.4 जनपद से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के प्राप्त आंकड़ों के सापेक्ष उनके पुनर्वास हेतु खुला आश्रय गृह/पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

9.1.5 मिशन वात्सल्य की मार्गदर्शिका में अभिसरण मैट्रिक्स के अनुसार विभागों से समन्वयन कर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.2 प्रमुख सचिव/सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के दायित्व:–

9.2.1 प्रमुख सचिव/सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी जिला मजिस्ट्रेट राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा तैयार एस0ओ0पी 2.0 के कार्यान्वयन के लिए त्वरित कार्रवाई करें।

9.2.2 किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत बनाए गए किशोर न्याय निधि से चिन्हित स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को तत्काल राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 2000/–रुपये अथवा रू0 2000/– तक की राहत सामग्री किट (बच्चों की आवष्यकतानुसार आवष्यक सामग्री) जिलाधिकारियों के माध्यम से दिये जाने पर विचार किया जायेगा।

9.2.3 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के बचाव और पुनर्वास के लिए जिला स्तर पर की जा रही गतिविधियों और कार्रवाई का अनुश्रवण और निगरानी की जायेगी।

9.2.4 जिलाधिकारियों से चिन्हित किए गए अथवा रेस्क्यू/बचाए गए बच्चों के पुनर्वासन की आख्या त्रैमासिक स्तर पर प्राप्त की जायेगी।

9.2.5 समयबद्ध तरीके से बच्चे और परिवार को सभी अर्ह आर्थिक लाभ और मुआवजा/क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए जिलाधिकारियों को उपर्युक्त प्रक्रिया बनाने हेतु निर्देशित किया जायेगा।

9.2.6 किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 45 के तहत सीएसआर पहलों के माध्यम से एक व्यक्तिगत स्पॉसरशिप कार्यक्रम तैयार किया जायेगा।

9.2.7 निजी स्पॉसरशिप कार्यक्रम के तहत जुड़े बच्चों के अनुवर्तन (Follow Up) के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं और नियमित रूप से स्कूलों में जा रहे हैं। यह अनुवर्ती कार्रवाई **बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) नियम, 1988** के नियम 2 आ (2) के तहत मुख्य शिक्षा अधिकारियों द्वारा एकत्रित आंकड़ों की मांग के आधार पर की जा सकती है।

9.2.8 मिशन वात्सल्य की मार्गदर्शिका में अभिसरण मैट्रिक्स के अनुसार विभागों से समन्वयन कर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.3 जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर के दायित्व:–

9.3.1 हॉटस्पॉट क्षेत्रों का चिन्हिकरण। *(एनसीपीसीआर के. एसओपी 2.0 के अनुलग्नक–डी के अनुसार)*

9.3.2 हॉटस्पॉट के आस–पास झुग्गियों में रहने वाले बच्चों का चिन्हीकरण *(एनसीपीसीआर के एसओपी 2.0 के अनुलग्नक–ए के रूप में भेद्यता मानचित्रण संकेतक के अनुसार)।*

9.3.3 ऐसे गांवों और शहरी बस्तियों में "जोखिम वाले बच्चों और कमजोर वर्ग के परिवारों" का चिन्हिकरण व आंकलन।

9.3.4 जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर संबंधित हितधारकों के साथ नियमित चर्चा की जायेगी।

9.3.5 जिलाधिकारी द्वारा नियमित आधार पर समयबद्ध तरीके से समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जायेगा और आयुक्त स्तर पर भी ऐसी अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0 आई0एस0एस0) के चिन्हिकरण और बचाव की प्रक्रिया की समीक्षा की जायेगी।

9.3.6 जिलाधिकारी द्वारा नियमित आधार पर निर्धारित समय–सीमा में की गयी बैठकों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के संबंध में की गई समीक्षा पर एक रिपोर्ट महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव को प्रस्तुत की जाएगी।

9.3.7 विभिन्न विभागों के अधिकारियों जैसे–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी)/(एसपी), जिला विकास अधिकारी (डीडीओ), खंड विकास अधिकारी (बीडीओ), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी (डीडीओ), बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस यूनिट, एएचटीयू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीएचईडी, आरटीओ, जिला सेवायोजन अधिकारी आदि द्वारा स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0 एस0) के चिन्हिकरण और पुनर्वास के लिए उनकी व्यक्तिगत भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के संबंध में ड्यूटी चार्ट तैयार किया जायेगा।

9.3.8 जिलाधिकारी द्वारा निम्न अधिकारियों की सदस्यता में बचाव/रेस्क्यू टीम का गठन किया जायेगा–

- ✓ सहायक पुलिस अधीक्षक/प्रतिनिधि– विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU)
- ✓ जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी
- ✓ जिला समाज कल्याण अधिकारी

- ✓ अध्यक्ष/सदस्य, बाल कल्याण समिति
- ✓ जिला श्रम अधिकारी
- ✓ जिला कौशल विकास अधिकारी/जिला सेवायोजन अधिकारी
- ✓ मुख्य शिक्षा अधिकारी
- ✓ प्रतिनिधि, उत्तराखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग
- ✓ 02 प्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, जो खुला आश्रय गृह संचालित कर रहे हो अथवा बच्चों के कल्याणार्थ कार्य कर रहे हो।

9.3.9 विभिन्न विभागों में बच्चों व महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं को सूचीबद्ध करते हुये स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को पुनर्वास हेतु सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

9.3.10 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) व उनके परिवारों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया जायेगा।

9.3.11 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) का चिन्हिकरण और बचाव एक समयबद्ध प्रक्रिया है जिसे अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर किए जाने की आवश्यकता है, जिसके लिये जिलाधिकारी द्वारा बचाव/रेस्क्यू टीम का गठन किया जायेगा, जो प्रति माह अथवा 15 दिवस पर हॉट स्पॉट क्षेत्रो से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को रेस्क्यू करेगी।

9.3.12 जिलाधिकारी जिले में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं का एक पूल (Pool)/पैनल(Panel) बनाने के लिए निर्देश जारी कर सकते हैं और जिले में ऐसे सलाहकारों की औपचारिक नियुक्ति कर सकते हैं जो स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) और उनके परिवारों के लिए आवश्यक परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और सहायता प्रदान करेगें।

9.3.13 जिलाधिकारी द्वारा श्रम विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी उत्तराखण्ड बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियमावली, 2022 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार कार्रवाई करेगें।

9.3.14 जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिपत्र संख्या X-11029/6/2010 –डीडीएपी को प्रभावी ढंग से लागू किया जायेगा ताकि सुधार द्रव और थिनर की बिक्री को विनियमित और नियंत्रित तरीके से किया जा सकें, जो आमतौर पर कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले पदार्थ हैं, लेकिन कथित तौर पर बच्चों/स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) द्वारा नशीली दवाओं के रूप में व्यापक रूप से दुरुपयोग किया जा रहा है।

9.3.15 स्ट्रीट चिल्ड्रन (सी0आई0एस0एस0) द्वारा उपयोग किये जा रहे थिनर व करेक्शन फ्लूड की बिक्री को नियन्त्रित किया जायेगा, जोकि आमतौर पर कार्यालयो में उपयोग किये जाते है।

9.3.16 यदि जनपद में खुला आश्रय की कोई सुविधा नहीं है, तो किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 51 के अन्तर्गत जिलाधिकारी बाल कल्याण समिति के माध्यम से खुला आश्रय के संचालन होने तक, किसी सरकारी संगठन या एक स्वैच्छिक या गैर–सरकारी संगठन अथवा विद्यालय भवन अथवा **क्रच केन्द्र** को उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) के रूप में नामित किया जायेगा। यह खुला आश्रय गृह किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 43 के तहत प्रदान किए गए प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगा। इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठन/समुदाय आधारित संस्था(CBO), जिन्हें बच्चों के साथ काम करने का अनुभव है, वे भोजन, शिक्षा, कौशल निर्माण, मनोरंजन गतिविधियां, खेल और खेल की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।

उपर्युक्त सुविधा (Fit Facilty)में रहने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन रसोई से जोड़ा जा सकता है ताकि बच्चों की भोजन की आवश्यकता का प्राविधान किया जा सके। <u>(एन0सी0पी0सी0आर के एसओपी 2.0 का पृष्ठ 14 देखें)</u>

9.3.17 ऐसे व्यक्ति या कॉरपोरेट/उद्योगों की पहचान करना जो बच्चे को वित्तीय सहायता प्रदान करने के इच्छुक हैं और उन्हें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 45 के तहत राज्य के एक निजी प्रायोजन कार्यक्रम में नामांकित किया जायेगा।

9.3.18 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हीकरण के उपरान्त, उनको प्राइवेट स्पॉसरशिप अथवा जनपद के गणमान्य व्यक्तियों/अधिकारियों/स्वयं सेवी संस्थानों आदि के सरंक्षण में देते हुये उनके पुनर्वास की योजना बनायी जायेगी।

9.3.19 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हीकरण के परिप्रेक्ष्य में व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुये, चाइल्ड हेल्पलाइन नं0–1098 का आई0ई0सी0 मैटिरियल के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

9.3.20 जनपद स्तर पर आयोजित पर्व, मेले आदि में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हीकरण एवं आश्रय प्रदान करने हेतु उचित कार्रवाई की जायेगी।

अ–चिन्हीकरण के पश्चात् कार्रवाई:

1. जिलाधिकारी द्वारा रेस्क्यू/बचाव किये गये बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए जिले के चिकित्सा अधिकारी और परा–चिकित्सकों की सेवाओं की सुविधा सुनिश्चित कर ली जायेगी।
2. जिलाधिकारी द्वारा रेस्क्यू/बचाव किये गये बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कराया जायेगा एवं बच्चों को परामर्शदाताओं की सेवाओं की सुविधा प्रदान की जायेगी।
3. जिन बच्चों को अस्थायी आश्रयों जैसे खुले आश्रय /फिट सुविधाओं में रखा जा रहा है, उन्हें निकटतम स्कूलों में नामांकित किया जाएगा और आश्रय/सुविधा से स्कूल तक परिवहन की सुविधा जिलाधिकारी द्वारा व्यवस्था करायी जाएगी।
4. जिलाधिकारी रेस्क्यू/बचाव किये गये स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को अंतरिम राहत के रूप में 2000/– रुपये अथवा रू0 2000/– तक की राहत किट की सहायता प्रदान करने के आदेश पारित कर सकते हैं। रू0 2000/– की यह राशि किशोर न्याय निधि के माध्यम से भी बच्चे को वितरित करायी जा सकती है।
5. जिला टास्क फोर्स यह सुनिश्चित करेगी कि बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियम) नियम, 1986 के नियम 2 आ (2) के अनुसार बच्चे नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं।
6. रेस्क्यू/बचाए गये बच्चों के परिवारों की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करना आवश्यक है। यदि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है तो माता/पिता या अभिभावको को रोजगारपरक कार्यो हेतु परामर्श देते हुये श्रम कल्याण योजनाओं की जानकारी प्रदान करायी जायेगी।
7. 14 से 18 वर्ष तक के स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को कौशल विकास/व्यवसाय परक प्रशिक्षण जैसे–कम्पूटर, प्लम्बर, मोटर वर्कशाप, मोबाइल रिपयेरिंग, सिलाई आदि के लिये आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करायी जायेगी।
8. 14 से अधिक आयु के बच्चो हेतु अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र की व्यवस्था की जायेगी, जिस हेतु शिक्षा विभाग उत्तरदायी होगा।

9. आवश्यकतानुसार बच्चों को स्पॉसरशिप योजना की सुविधा प्रदान की जायेगी।
10. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों के अधिकार, बाल श्रम कानून आदि हेतु समन्वयन की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।
11. मिशन वात्सल्य की मार्गदर्शिका में अभिसरण मैट्रिक्स के अनुसार विभागों से समन्वयन कर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुर्नवास हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.4 बाल कल्याण समितियां (सी0डब्ल्यू0सी) के दायित्वः-

किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 36 और 37 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन बाल कल्याण समिति द्वारा स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को उसके समक्ष पेश किए जाने के पश्चात् किया जाएगा।

1. स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) : जो सड़कों पर अकेले रहते हों:–

1.1 बाल कल्याण समिति किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 36 के अनुसार जांच करेगी। जांच के माध्यम से संतुष्ट होने पर ही बाल कल्याण समिति बच्चों को आवश्यकता एवं देखरेख (सी0एन0सी0पी0) की श्रेणी में घोषित कर सामाजिक जांच रिपोर्ट (एस0आई0आर) तैयार करने के लिए निर्देश दे सकती है।

1.2 किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 37 (1), धारा 39(1) और धारा 40(3) के तहत समिति बच्चे को संस्थागत देखभाल में रख सकती है या बच्चे को उनके अभिभावक के साथ भेजने के लिए अपने विवेक का प्रयोग कर सकती है।

1.3 जहां यह स्थापित किया गया है कि बच्चे को परिवार के साथ बहाल नहीं किया जा सकता है या गोद लेने के लिए मुक्त भी घोषित नहीं किया जा सकता है, उस स्थिति में बच्चे को 18 वर्ष पूरा होने तक दीर्घकालिक संस्थागत देखभाल प्रदान की जा सकती है और उसके बाद किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 46 के अनुसार 21 वर्ष की आयु तक वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है ताकि बच्चे को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

1.4 बाल कल्याण समिति के आदेश के क्रम में बच्चे को उपयुक्त अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा।

1.5 बाल कल्याण समिति द्वारा खुले आश्रय और अन्य संस्था, जिन्हें जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चिन्हित किया गया हो, को उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी) घोषित किया जा सकता है।

1.6 चिल्ड्रेन इन स्ट्रीट सिच्युएशन (सी0आई0एस0एस0) हेतु जिन जनपदों में कोई खुला आश्रय गृह न हो या खुला आश्रय गृह के संचालित करने के लिए पर्याप्त सुविधा न हो, बाल कल्याण समिति किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 51 के अनुसार किसी भी उपयुक्त संस्था को उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी) के रूप में घोषित कर सकती है। **(एन0सी0पी0सी0आर, एस0ओ0पी 2.0 का पृष्ठ 14 के अनुसार)**

1.7 बच्चे के किसी पहचान पत्र/दस्तावेज के अभाव में बाल कल्याण समिति के आदेश/अनुरोध पर जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा बच्चे को आधार कार्ड बनाने के लिए नजदीकी आधार सेवा केंद्र ले जाया जाएगा।

1.8 बाल कल्याण समिति बच्चों के कानूनी अधिकार एवं संरक्षण हेतु आवश्यकतानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्यवन करेगी।

2. स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0), जो अपने परिवार के साथ सड़कों पर रहते हों:–

2.1 अपने परिवार के साथ सड़को/गलियों में रहने वाले बच्चों को भी रेस्क्यू/बचाव किया जायेगा और ऐसे बच्चों को किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015, की धारा 31 के तहत बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

2.2 परिवार के साथ बच्चों को भेजने के लिए बाल कल्याण समिति आवश्यक आदेश पारित करेगी और बच्चे व परिवार को अस्थायी आश्रयों में रखेगें।

2.3 अस्थायी आश्रयों में बच्चों के लिए खुले आश्रय, उपयुक्त सुविधाएं आदि और माता–पिता के लिए रैन बसेरा की सुविधाएं दी जा सकती है।

2.4 बच्चे और परिवार के सदस्यों को भी परामर्श दिया जायेगा।

2.5 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) एक प्रवासी परिवार का हो सकता है जो साधन की कमी के कारण अपने जीवन निर्वाह के लिए भीख माँगना या सड़कों पर उत्पाद बेचना आदि आजीविका के साधनों हेतु शहर में आया हो। जिला बाल संरक्षण इकाई ऐसे परिवार का भ्रमण करेगी और परिवार की स्थिति पर सामाजिक अन्वेषण आख्या तैयार कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

2.6 परिवार को उनके मूल स्थान पर पुनर्वासित करने के लिए यथा संभव कदम उठाये जायेगें।

2.7 बाल कल्याण समिति, जहां बच्चा प्रस्तुत किया गया है, बच्चे को स्पॉसरशिप प्रदान करने के लिए संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट को संस्तुति देने पर विचार कर सकती है, यदि बच्चा किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 45 के तहत स्पॉसरशिप के लिए पात्र है। परिवार को सरकार (केंद्र और राज्य सरकार दोनों) की विभिन्न योजनाओं के तहत बुनियादी सुविधाएं और उचित लाभ सुनिश्चित कराया जायेगा।

2.8 यदि यह स्थापित हो गया है कि परिवार कुछ कारणों से अपने मूल घर वापस जाने में असमर्थ है, या कुछ समय के लिए अपने मूल घर वापस जाने में असमर्थ है, तो बाल कल्याण समिति बच्चे के आंगनबाडी केंद्र या किसी स्कूल में, साथ ही क्षेत्र में उपलब्ध खुले आश्रय में नामांकन के लिए सिफारिश करेगी।

2.9 यदि यह पाया जाता है कि बच्चा दिन के समय सड़क पर है और शाम को अपने परिवार के पास वापस जाता है जो पास की झोपड़पट्टी क्षेत्र में रहता है, ऐसे बच्चों का रेस्क्यू/बचाव भी कराया जाएगा और ऐसे बच्चों को किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 31 के तहत बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जायेगा।

2.10 परिवार के साथ रहने के लिए आवश्यक आदेश पारित किये जायेंगें और बच्चे को दिन के लिए अस्थायी आश्रय में रखा जायेगा।

2.11 खुला आश्रय गृह बच्चों के लिए एक समुदाय–आधारित सुविधा के रूप में कार्य करेगा, जिसका उद्देश्य उन्हें दुर्व्यवहार से बचाना एवं उन्हें सड़कों पर जीवन व्यतीत करने से दूर रखना है।

2.12 अन्य राज्यों से आये बच्चों को पुनः उनके गृह वापसी हेतु आवश्यक आदेश बाल कल्याण समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा, जिसमे पुलिस विभाग की भूमिका को स्पष्ट किया जायेगा।

2.13 परिवारों और बच्चों को सड़कों से दूर रखने के लिए बाल कल्याण समिति केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के साथ परिवारों और बच्चों को जोड़ने की सिफारिश करेगी।

9.5 जिला बाल संरक्षण इकाई (डी0सी0पी0यू0) के दायित्वः–

9.5.1 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हीकरण एवं पुनर्वास हेतु हॉट स्पॉट क्षेत्रों का चयन।

9.5.2 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु अन्य विभाग–स्वास्थ्य (स्वास्थ्य जांच व आयुष्मान योजना), शिक्षा (विद्यालयी एवं आवासीय शिक्षा), श्रम विभाग (बाल श्रम अधिनियम के तहत सुरक्षा व क्षतिपूर्ति प्रदान करना), न्याय (उचित कानूनी सहायता), कौशल विकास (व्यवसायिक प्रशिक्षण) महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास (स्पॉसरशिप, शेल्टर होम, आंगनवाड़ी सेवाएं, टेक होम राशन आदि), मनरेगा आदि संचालित योजनाओं से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) एवं उसके परिवारों को जोड़ना एवं बच्चों एवं परिवार को परामर्श प्रदान करना।

9.5.3 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) का डाटा संकलित कर आवश्यकतानुसार खुला आश्रय गृह की स्थापना का प्रस्ताव निदेशालय, महिला कल्याण को उपलब्ध कराना।

9.5.4 स्ट्रीट चिल्ड्रेन(सी0आई0एस0एस0) रेस्क्यू/बचाव होने पर निर्धारित समयान्तर्गत बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करना तथा "सामाजिक जांच आख्या"(एस0आई0आर0) एवं "व्यक्तिगत देखभाल योजना"(आई0सी0पी0) तैयार करना।

9.5.5 बाल स्वराज पोर्टल पर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की सूचना अपलोड करना एवं पोर्टल के समस्त चरणों की सूचना पूर्ण करना।

9.5.6 नियमित तौर पर रेस्क्यू/बचाव किये गये स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) का अनुवर्ती कार्य (फालो–अप) द्वारा अनुश्रवण व मूल्यांकन करना एवं सम्बन्धित आख्या से जिलाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति को अवगत करना।

9.5.7 रेस्क्यू/बचाव किये गये स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के सर्वोत्तम हित को देखते हुये व्यक्तिगत देखभाल योजना (आई0सी0पी0) तैयार करना।

9.5.8 रेस्क्यू/बचाव किये बच्चे व परिवार को उचित परामर्श प्रदान करना।

9.5.9 निर्धारित रेस्क्यू/बचाव कैलेण्डर के अनुसार गठित रेस्क्यू टीम से समन्वयन कर चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रो में रेस्क्यू/बचाव करना।

9.5.10 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) हेतु शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करना।

9.5.11 बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार पुलिस विभाग से समन्वयन करते हुये अन्य राज्यों से आये बच्चों को पुनः उनके घर वापसी हेतु कार्रवाई करना।

9.5.12 उत्तराखण्ड राज्य के स्थायी निवासी, ऐसे प्रभावित बच्चों (जिनके जैविक/दत्तक पिता–माता दोनों की मृत्यु बच्चे के जन्म से 21 वर्ष तक की अवधि में हुई हो) तथा राज्य में संचालित स्वैच्छिक/राजकीय गृहों में निवासरत अनाथ बच्चों को राजकीय/अशासकीय सेवाओं में क्षैतिज आरक्षण नियमावली, 2021 के तहत अनाथ प्रमाण पत्र जारी करवाना।

9.5.13 बाल स्वराज पोर्टल पर पंजीकृत स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को पहचान पत्र जारी करना।

9.5.14 मिशन वात्सल्य की मार्गदर्शिका में अभिसरण मैट्रिक्स के अनुसार विभागों से समन्वयन कर स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु कार्रवाई करना।

9.6 पुलिस विभाग के दायित्व :–

9.6.1 विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं जिला यातायात पुलिस प्रभारी, जिला प्रशासन एवं राज्य महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण विभाग के समन्वय से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे।

9.6.2 हॉट स्पॉट का चिन्हिकरण करते हुये हॉट स्पॉट क्षेत्रों से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को रेस्क्यू/बचाव करने मे जिला यातायात पुलिस प्रभारी नोडल अधिकारी रहेगें।

9.6.3 बीट कांस्टेबल और ट्रैफिक पुलिस को शहर के सभी इलाकों पर बेहतर तरीके से तैनात किया जायेगा, ताकि वह सड़क पर रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की पहचान और बचाव में शामिल हो सकें।

9.6.4 पुलिस विभाग द्वारा सड़क पर, माता–पिता के साथ या बिना जोखिम वाले बच्चे की जानकारी होने पर बाल कल्याण समिति को तत्काल सूचित किया जायेगा।

9.6.5 किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 "बच्चे के प्रति क्रूरता" और धारा 76, "भीख मांगने वाले बच्चे का रोजगार" के तहत प्रदान किए गए प्राविधान के अनुसार, ऐसे परिवार के खिलाफ पुलिस विभाग तत्काल कार्रवाई करेगा, जो बच्चे को भीख मांगने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

9.6.6 बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 और किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए नियोक्ता के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0आर) दर्ज की जायेगी।

9.6.7 पुलिस सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) के साथ किसी भी अन्य दुर्व्यवहार जैसे यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

9.6.8 मानव तस्करी निषेध इकाई (ए0एच0टी0यू) सक्रिय भूमिका निभाएगी और क्षेत्र के जिलाधिकारी/जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ नियमित रूप से सूचना साझा करेगी।

9.6.9 यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर रह रहे बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की रिपोर्टिंग के लिए नवीन तंत्र विकसित किया जायेगा।

9.6.10 अन्य राज्यो से आये बच्चों को पुनः उनके घर वापसी हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.6.11 परिवार को सरकार/स्वैच्छिक संस्थानों द्वारा संचालित रैन बसेरा में पुर्नवासित करवाने अथवा मूल राज्य/स्थान में भेजने हेतु जिला बाल संरक्षण समिति से समन्वयन किया जायेगा।

9.7 श्रम विभाग के दायित्व :–

9.7.1 बाल श्रम/बधुंवा मजदूर के अति गम्भीर प्रकरण जैसे– वैश्यालय, मसाज पार्लर, तस्करी अथवा यौन शोषण एजेन्सियों आदि से बचाए (रेस्क्यू) गये बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

9.7.2 बंधुवा मजदूर के अति गम्भीर प्रकरण जैसे–वैश्यालय, मसाज पार्लर, तस्करी अथवा यौन शोषण एजेन्सियों आदि से बचाव/रेस्क्यू किये गये बच्चों के पुर्नवास हेतु जिलाधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत प्रत्येक लाभार्थी हेतु निर्धारित पुर्नवास राशि रू0 3,00,000.00

में से न्यूनतम रू 2,00,000/– नियमानुसार वार्षिक योजना में जमा कराया जायेगा एवं अवशेष धनराशि लाभार्थी के खाते में ऑनलाइन हस्तान्तरित की जायेगी।

9.7.3 **बधुंवा मजदूर पुनर्वास हेतु केन्द्रीय सेक्टर योजना, 2021:** विशेष श्रेणी के लाभार्थियों जैसे–जबरन भीख मंगाने वाले समूहों से रेस्क्यू किये गये बच्चे अथवा अनाथ बच्चे, जबरन भिक्षावृत्ति अथवा बाल मजदूरी में लिप्त कराये गये बच्चों के पुनर्वास हेतु जिलाधिकारी द्वारा अपने स्तर पर उचित निर्णय लिया जा सकता है, जिसमें प्राविधानित पुनर्वास धनराशि रू0 2,00,000 में से रू0 1,25,000/– की धनराशि वार्षिक योजना में लाभार्थी के पक्ष में जमा करने एवं अवशेष धनराशि लाभार्थी के खाते में ऑनलाइन जमा करायी जायेगी। बधुंआ मजदूरी प्रकरण में रेस्क्यू किये गये बच्चों के पुनर्वास हेतु जिलाधिकारी द्वारा "बधुंआ मजदूर पुनर्वास हेतु केन्द्रीय सेक्टर योजना, 2021" के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

9.7.4 बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की धारा **14B(1)** के अनुसार प्रत्येक जिले में अथवा दो या अधिक जिलों में "बाल एवं किशोर मजदूरी पुर्नवास कोष" के नाम से गठित कोष में नियोक्ता से वसूली की गयी धनराशि जमा की जायेगी। सम्बन्धित जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाले बच्चे एवं किशोर को धनराशि प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी अथवा श्रम विभाग द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

9.7.5 बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की धारा **14B(2)** के तहत धारा **14B(1)** के अनुसार गठित कोष में प्रत्येक बच्चे एवं किशोर हेतु रू0 15,000 की धनराशि जमा की जायेगी।

9.7.6 यदि बच्चा बंधुआ मजदूर पाया जाता है, तो बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिए बधुंआ मजदूर पुनर्वास हेतु केन्द्रीय सेक्टर योजना, 2021 के अनुसार बच्चे को मुआवजा प्रदान किया जायेगा।

9.7.7 कौशल कार्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रमों से बच्चों को जोड़ा जायेगा।

9.7.8 जहाँ एक स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाला बच्चा स्कूल के प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक को सूचित किए बिना लगातार तीस दिनों तक अनुपस्थित रहता है, तो प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक संबंधित नोडल अधिकारी को अनुपस्थिति की रिपोर्ट करेंगे इसकी निगरानी श्रम विभाग द्वारा नियमित आधार पर की जायेगी। इसके लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी जा सकती है।

9.7.9 निर्माण कार्य में माता–पिता के साथ कार्य कर रहे उनके बच्चो को बचाव/रेस्क्यू किया जायेगा एवं उनके पुनर्वास जैसे–शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन आदि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.7.10 परिवार को सरकार/स्वैच्छिक संस्थानों द्वारा संचालित रैन बसेरा में पुनर्वासित करवाने अथवा मूल राज्य/स्थान में भेजने हेतु पुलिस एवं जिला बाल संरक्षण समिति से समन्वयन किया जायेगा।

9.7.11 उत्तराखण्ड बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियमावली, 2022 में उल्लेखित प्राविधानों के अनुसार राज्य में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

9.8 शहरी स्थानीय निकाय/निवासी कल्याण संघ/व्यापार मंडल के दायित्व :–

9.8.1 हॉटस्पॉट की पहचान करते हुये संम्बन्धित सूचना जिलाधिकारियों को प्रदान करेगें।

9.8.2 शहरी स्थानीय निकाय संबंधित हितधारकों जैसे बाल कल्याण समिति को मृत्यु डेटा साझा करेगें ताकि अनाथ या परित्यक्त बच्चों की तुरंत देखभाल की जा सके।

9.8.3 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को नगर निकाय (यू0एल0बी) द्वारा जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करते हुये स्कूल में उम्र और नामांकन के निर्धारण और इस दस्तावेज की आवश्यकता वाली किसी अन्य सेवाओं से जोड़ा जायेगा।

9.8.4 चाइल्ड हेल्पलाइन, खुला आश्रय गृह आदि से सम्बन्धित सूचना के बारे में जागरूकता पैदा की जायेगी। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा नियमित रूप से अपने कचरा वाहनों के माध्यम से गलियों और बाजारों में घोषणा/प्रचार किया जायेगा।

9.8.5 प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और उसके परिसर के लिए स्थापित की गई रिसाइक्लिंग इकाइयों की निगरानी की जायेगी ताकि इन क्षेत्रों में काम करने वाले और कूड़ा उठाने का काम करने वाले बच्चों की पहचान की जा सके। स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से कचरा बीनने वाले बच्चों/परिवार की पहचान की जा सकती हैं और उन्हें परामर्श दिया जा सकता है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस तरह के कार्यो में शामिल बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराया जाए और नियमित रूप से कक्षाओं में बच्चें उपस्थित रहे।

9.8.6 शहरी स्थानीय निकाय कचरा बीनने के काम को संगठित क्षेत्र में लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगें, ताकि ऐसे परिवार एक निश्चित मूल्य पर कचरा और प्लास्टिक सामग्री बेच सकें और अपनी आजीविका कमा सकें। ऐसे परिवारों के बैंक खाते खोले जायेगें ताकि कूड़ा उठाने का पेशा आय का स्रोत बन सके और बच्चों को सड़कों और बाल श्रम से दूर रखने में सहायता मिल सके।

9.8.7 शहरी स्थानीय निकाय ऐसे लोगों की भी पहचान करेगें जो बच्चों से प्लास्टिक कचरा खरीद रहे हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ उचित कार्रवाई करेंगे, क्योंकि बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत कचरा बीनने वाले के रूप में काम करने वाले बच्चों को प्रतिबंधित किया गया है।

9.8.8 चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों मे स्ट्रीट बच्चों (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हिकरण व पुनर्वास हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेगें।

9.8.9 रेस्क्यू/बचाव कर लाये गये बच्चों के परिवारों की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करना आवश्यक है। यदि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है तो माता/पिता या अभिभावको को रोजगारपरक सम्बन्धी श्रम कल्याण योजनाओं की जानकारी प्रदान कर विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

9.9 राजस्व विभाग/प्रशासन के दायित्व :-

9.9.1 सड़क पर रहने वाले बच्चों (सी0आई0एस0एस0) की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर सभी हस्तक्षेपों की समग्र निगरानी और पर्यवेक्षण जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

9.9.2 जिला प्रशासन सड़क से बचाए गए बच्चों को (18 वर्ष की आयु तक) नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी के रूप में प्रशिक्षण देने पर विचार कर सकता है, क्योंकि यह न केवल ऐसे कमजोर बच्चों को सम्मानजनक रोजगार प्रदान करेगा बल्कि उनके सड़क के अनुभव के कारण वे कई अन्य बच्चों की सहायता कर सकते हैं जो समान पृष्ठभूमि से आते हैं।

9.9.3 योजनाओं का समन्वित रूप में क्रियान्वयन किया जायेगा ताकि बच्चों को समयबद्ध तरीके से लाभ और मुआवजा जारी किया जा सके।

9.9.4 चिन्हित बच्चों हेतु व्यवसायपरक एवं कौशल विकास सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

9.9.5 जनपदस्तर पर चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के चिन्हीकरण व उनके अधिकार व पुनर्वास हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा।

9.10 शिक्षा विभाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी के दायित्व :–

9.10.1 मुख्य शिक्षा अधिकारी ऐसे बच्चों को निकटतम स्कूलों में प्रवेश की सुविधा प्रदान करेगें और प्रवासी परिवारों के मामले में, उनके परिवारों के साथ इस प्रकार प्रत्यावर्तित बच्चों को प्रत्यावर्तित जिले के स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा।

9.10.2 स्कूलों में दाखिल ऐसे बच्चों की प्रगति रिपोर्ट शिक्षा विभाग द्वारा जिला बाल संरक्षण समिति एवं बाल कल्याण समिति को नियमित रूप से साझा की जायेगी।

9.10.3 यदि राजकीय अथवा गैर राजकीय सरकारी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाला ऐसा बच्चा लगातार तीस दिनों तक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है तो विद्यालय के प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक ऐसी अनुपंस्थिति की सूचना मुख्य शिक्षा अधिकारी को देंगे।

9.10.4 मुख्य शिक्षा अधिकारी विद्यालय से अनुपस्थित बच्चे की रिपोर्ट जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समितियों को प्रेषित करेगें।

9.10.5 शिक्षा विभाग के बन्द पड़ें स्कूलों को स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु अस्थायी शेल्टर होम अथवा अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र बनाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

9.10.6 14 से अधिक आयु के बच्चो हेतु अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र की व्यवस्था की जायेगी, जिस हेतु शिक्षा विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

9.10.7 शिक्षा विभाग/समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को दाखिला प्राथमिकता के आधार पर दिलवाया जायेगा।

9.11 चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग/मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दायित्व :–

9.11.1 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु संचालित शेल्टर गृहों में निवासरत बच्चों तथा ऐसे स्ट्रीट चिल्ड्रेन(सी0आई0एस0एस0), जिनमें नशें की प्रवृत्ति पायी जाय, उनके पुनर्वास हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण द्वारा राजकीय/स्वैच्छिक संस्थानों के माध्यम से संचालित नशा मुक्ति केन्द्र में प्रवेश दिलाया जायेगा। नशे की प्रवृत्ति से मुक्ति एवं उनके इलाज हेतु महिला कल्याण विभाग में स्थापित किशोर न्याय निधि से आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान रखा जायेगा।

9.11.2 बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एव किशोर/किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को जोड़ा जायेगा एव जीवन कौशल व व्यक्तिगत स्वच्छता के सम्बन्ध में उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9.11.3 चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में त्रैमासिक स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें परिवार नियोजन से सम्बन्धित परामर्श प्रदान किया जाना आवश्यक होगा।

9.11.4 खुला आश्रय गृह मे बच्चों हेतु मासिक आधार पर स्वास्थ्य ज़ांच सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

9.11.5 स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

9.12 राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दायित्व :–

9.12.1 सड़क पर रहने वाले/बाल श्रम से रेस्क्यू/बचाव किये गये बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान करने हेतु राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल अधिकारों एवं उससे सम्बन्धित कानूनों, अधिनियमों के अनुसार कार्रवाई करने हेतु जिलाधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं महिला कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं समन्वयन प्रदान किया जायेगा।

9.12.2 बाल श्रम निषेध के परिप्रेक्ष्य में रेस्क्यू/बचाए किये गये बच्चों एवं अन्य स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु आवश्यक सहयोग एवं मुआवजा/क्षतिपूर्ति प्रदान करने सम्बन्धी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

9.12.3 शोषण व मानव तस्करी के विरूद्ध बच्चों को संरक्षण प्रदान करने की दिशा में उचित कानूनी कार्रवाई में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

9.12.4 सड़क पर रहने वाले बच्चें (सी0आई0एस0एस0) की देखभाल और समग्र सुरक्षा तंत्र का पर्यवेक्षण का कार्य किया जायेगा।

9.12.5 सड़क पर रहने वाले बच्चें (सी0आई0एस0एस0) के शोषण, अपराध, मानव तस्करी व उनके विरूद्ध हुये अपराध से बचाव व सरंक्षण हेतु कानूनी सहायता निःशुल्क प्रदान की जायेगी एवं क्षतिपूर्ति प्रदान करने सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी।

9.13 समाज कल्याण विभाग के दायित्व :

9.13.1 ऐसे स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0), जोकि नशे के शिकार हो, के पुनर्वास हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र में संरक्षण प्रदान किया जायेगा।

9.13.2 समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं से स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) एवं उसके परिवार को नियमानुसार जोड़ा जाएगा।

9.14 कौशल एवं सेवायोजन विभाग के दायित्व :–

9.14.1 जिला बाल संरक्षण इकाई से समन्वयन कर संस्थागत अथवा गैर संस्थागत स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) हेतु कौशल विकास एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

9.14.2 प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत मलिन बस्तियों एवं चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) व उसके परिवारों हेतु कौशल विकास एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी हेतु प्रचार–प्रसार कार्यक्रम/शिविर का आयोजन किया जायेगा।

9.14.3 कौशल विकास एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला बाल संरक्षण समिति से समन्वयन कर कार्ययोजना तैयार की जायेगी। कार्ययोजना के अनुरूप कार्रवाई करने हेतु बाल कल्याण समिति एवं जिलाधिकारी के समक्ष कौशल विकास एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त

स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की सूची प्रस्तुत की जायेगी। बाल कल्याण समिति एवं जिलाधिकारी की संस्तुति/आदेश के क्रम में उक्त बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने/पुनर्वास हेतु कार्रवाई की जायेगी।

9.14.4 कमजोर वर्गो के क्षेत्रों/मलिन बस्ती में स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) एवं उनके परिवार तक कौशल विकास/व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र की पहुँच सुनिश्चित की जायेगी।

रेस्क्यू/बचाव के बाद स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) के पुनर्वास हेतु तत्काल सेवाएं एवं अपेक्षित कार्य

क्र0सं0	रेस्क्यू/बचाव के पश्चात् बच्चों को उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाएं	अपेक्षित सेवाएं/कार्रवाई
1.	स्वास्थ्य जांच	• बचाए/रेस्क्यू किये गए और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य जांच अवश्य की जायेगी। • जिलाधिकारी सुनिश्चित करायेगें कि जनपद के चिकित्सा अधिकारी एवं पैरा मैडिकल स्टॉफ द्वारा स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) की स्वास्थ्य जॉच सुविधा वही प्रदान की जायेगी, जहॉ की बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चें प्रस्तुत किये जाते है। • स्वास्थ्य जांच के आधार पर तैयार बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर, बच्चे को नशामुक्ति केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि से जोड़ने के आदेश बाल कल्याण समिति पारित करेगी। जिसका अनुपालन जिला बाल संरक्षण इकाई करेगी। आपातकालीन चिकित्सा देखभाल आवश्यकतानुसार बच्चे को प्रदान की जाएगी।
2.	परामर्श (काउंसिलिंग)	• बाल कल्याण समिति स्वयं अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई से जुड़े परामर्शदाताओं द्वारा बच्चों और परिवारों की काउंसलिंग के लिए आवश्यकतानुसार आदेश देगी। • काउंसलर द्वारा की गई टिप्पणियों और सिफारिशों को बच्चों की एसआईआर में दर्ज किया जाएगा। • जहां भी आवश्यक हो, बच्चों एवं परिवार को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाएगा। • काउंसलर हर संभव प्रयास करेंगे कि परिवारों और बच्चों को सड़कों से दूर किया जाय।
3.	जहां बच्चा बिना किसी पहचान का है	ऐसे मामले जिनमें बच्चें का कोई जैविक सूत्र न हो अथवा मूल निवास स्थान/ माता–पिता/परिवार, की सूचना नहीं मिल रही हो या बच्चा बताने में असमर्थ है तो बाल कल्याण समिति बच्चे का आधार कार्ड तैयार करने के लिए आदेश पारित करेगी। [एन0सी0पी0सी0आर के एस0ओ0पी 2.0 के *पृष्ठ सं0– 20*)

4.	सड़क पर रहने वाले बच्चे (सी0आई0एस0एस0) हेतु शिक्षा का अधिकार	• आरटीई अधिनियम, 2009 धारा 3 के तहत प्रावधान है कि 06 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को, जिसमें वंचित समूह और कमजोर वर्ग सम्मिलित है, उसकी प्रारंभिक शिक्षा या पढ़ाई पूरी होने तक निकटतम स्कूल में मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार होगा। • उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) को निकटतम उपयुक्त स्कूल में नामांकित किया जाएगा। • कोई भी बच्चा किसी भी प्रकार की फीस अथवा शुल्क अथवा खर्च का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसके फलस्वरूप उसे अपनी प्रारम्भिक शिक्षा जारी रखने व पूर्ण करने से वंचित होना पड़े।
5.	दिव्यांग बच्चो हेतु शिक्षा का अधिकार	• आरटीई अधिनियम, 2009 के तहत संदर्भित विकलांग बच्चों, गम्भीर दिव्यांगता सहित, को निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का वही अधिकार प्राप्त होगा जो विकलांग बच्चों को विकलांग व्यक्तियों के (समान अवसर, सुरक्षा अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के तहत प्राप्त होता है । • यदि किसी बच्चे को उसकी उम्र के लिये उपयुक्त कक्षा में सीधे प्रवेश दिया जाता है, तो उसे समकक्ष होने के लिये विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अधिकार होगा। • विशेष श्रेणी के बच्चों को उपर्युक्त सेवाएं प्रदान करने हेतु विशेष श्रेणी के बच्चो हेतु कार्यरत सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों से उचित समन्वयन किया जायेगा।
6.	आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 4 के तहत विशेष प्रशिक्षण केंद्र	• जहां 06 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे को किसी स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया है या प्रवेश दिया गया है, किन्तु अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर सका है, तो उसे उसकी उम्र के लिए उपयुक्त कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। • यदि एक बच्चे को उसकी उम्र के लिए उपयुक्त कक्षा में सीधे प्रवेश दिया जाता है, तो उसे दूसरों के बराबर होने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अधिकार होगा।
7.	आंगनबाडी केन्द्रों/ क्रेच में नामांकन	• 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों/क्रेच में नामांकित किया जायेगा। • आंगनवाड़ी/क्रेच में बच्चो को अनुपूरक पोषाहार का लाभ प्राप्त होगा।
8.	लाभार्थी योजनाओ के साथ	• बाल कल्याण समिति अपनी जांच के दौरान, जैसा

	लिंक करना [बच्चों और परिवारों को मजबूत बनाने के लिये बाल स्वराज पोर्टल –सी0आई0एस0एस प्रदान की गई योजनाओं को (स्टेज–5) देखें,	वह उचित समझे, बच्चे को सरकार द्वारा कार्यान्वित निधियों/योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान करवा सकती है, जहां कहीं भी बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किए गए बच्चे लागू योजनाओं, निधियों, छात्रवृत्ति आदि के लाभार्थी हैं, उन्हें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 45 के अनुसार लिखित आदेश के माध्यम से सहयोग देते हुये बच्चे को सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। • बच्चे व उसके परिवार/अभिभावक को जहां कहीं लागू हो या बाल कल्याण समिति द्वारा सिफारिश की गई हो, किसी भी कार्यान्वित योजनाओं के लाभ विभागों द्वारा प्रदान किया जा सकता हैं। *बच्चों* से जुड़े इन विशेष मामलों पर विभागों को प्राथमिकता देनी होगी। • यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसे बच्चों के लिए कोई अन्य योजनाएँ संचालित की जाती हैं, तो पोर्टल के चरण –5 पर योजनाओं की सूची को अद्यतन करने के लिए एनसीपीसीआर को सूचित किया जायेगा।
9.	प्रर्वतकता (स्पॉसरशिप)	• ऐसे मामलों में, जहां बाल कल्याण समिति को लगता है कि बच्चे को स्पॉसरशिप कार्यक्रम का लाभ दिया जा सकता है या जहां अभिभावक/रिश्तेदार/एकल माता–पिता द्वारा बच्चे को स्पॉसरशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है, तो बाल कल्याण समिति बाल संरक्षण इकाई से सिफारिश कर सकती है। • जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा स्पॉसरशिप कार्यक्रम को सुगम बनाते हुये क्रियान्वयन किया जायेगा। • व्यक्तिगत प्रायोजन के मामले में, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बच्चे के नाम पर एक बैंक खाता खोला जायेगा, जिसे अधिमानतः माता द्वारा संचालित किया जाएगा (ऐसे मामलों में जहां मां नहीं है, तो पिता/रिश्तेदार/अभिभावक द्वारा, जिसे बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चे के लिए उपयुक्त व्यक्ति घोषित किया गया है) और जिला बाल संरक्षण इकाई के खाते से सीधे बच्चे के बैंक खाते में धनराशि ट्रांसफर की जायेगी।
10.	किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 45 के तहत निजी प्रायोजन (स्पॉसरशिप)	• जिला मजिस्ट्रेट ऐसे संगठनों/कंपनियों/उद्योगों की पहचान करेगें, जो अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के लिए योगदान देने और बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के इच्छुक हैं। • जिला मजिस्ट्रेट इन संगठनों को राज्य स्पॉसरशिप कार्यक्रम से जोड़ने के लिए सुविधा प्रदान करेगें।

सड़क पर रहने वाले बच्चों एवं अपराध के शिकार बच्चों के पुनर्वास हेतु अन्य उपाय

1. श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चो के पुनर्वास हेतु उठाये जाने वाले कदम	1. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 31 के अन्तर्गत बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। 2. बाल कल्याण समिति के समक्ष दिए गए बच्चे के बयान के आधार पर स्थानीय पुलिस बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 और भारतीय न्याय संहिता के उल्लंघन के लिए बच्चे के अपराधियों और नियोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज करेगी। 3. यदि कोई बच्चा सड़क किनारे कूड़ा उठाते हुए, सड़क किनारे चाय की दुकान/फलों की गाड़ी में काम करते हुए, अखबार, गुब्बारे, पेन, पेंसिल आदि बेचते हुए पाया जाता है, तो बच्चे के ऐसे कृत्यों को भी बाल श्रम माना जायेगा। (उद्घृत एनसीपीसीआर के एसओपी 2.0 का पेज नंबर 24–25) 4. यदि कबाड़ी जो बच्चों से रद्दी खरीदता है अथवा जिसने बच्चे को मजदूरी पर रखा है तथा धन/मजदूरी के स्थान पर नशीला पदार्थ देता है अथवा धन/मजदूरी के साथ ही नशीला पदार्थ देता है, उसके विरूद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 77 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। यदि कोई व्यक्ति बच्चों से कबाड़ खरीदता है तो उसके विरूद्ध बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 79 व अन्य लागू अधिनियमों के सुसंगत प्रस्तरों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। 5. बाल श्रम पीड़ित को निम्नलिखित वित्तीय राशि/मुआवजा प्रदान किया जायेगाः– **क**–बच्चे को आपातकालीन सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए बाल कल्याण समिति द्वारा तय किया गया अंतरिम मुआवजा। **ख**–बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिए केंद्र योजना, 2021 के अनुसार मुआवजा। ग–बाल और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 की धारा **14B(2)** के तहत धारा **14B(1)** के अनुसार गठित कोष में प्रत्येक बच्चे एवं किशोर हेतु **रू0 15,000 की** धनराशि जमा की जायेगी। घ–नियोक्ता की ओर से बच्चे की बकाया मजदूरी दिलायी जायेगी।

2. जहां बच्चा मादक द्रव्यों का सेवन करने वाला हो या नशीली दवाओं की तस्करी का शिकार हो (राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एस0ओ0पी0 के पृष्ठ संख्या–28)	• बाल कल्याण समिति तत्काल ऐसे बच्चों की देखभाल, नशा मुक्ति के उपचार और पुनर्वास के लिए कार्य कर रही उपयुक्त सुविधा में भेजेगी। • मादक द्रव्यों के सेवन करने वाली बालिकाओ को विशेष रूप से लड़कियों के लिए संचालित फिट फैसेलिटी में भेजा जायेगा। (एनसीपीसीआर के एसओपी 2.0 की संख्या 28) • जिला बाल संरक्षण इकाई और जिला प्रशासन को एक उपयुक्त संस्था (फिट फैसेलिटी) या उचित तरीके से नशामुक्ति के लिए सुविधा बनाने हेतु बाल कल्याण समिति निर्देश देगी। • यदि ऐसी संस्था की अनुपलब्धता है तो बच्चे को सरकार की किसी अन्य उपयुक्त सुविधा में भेजा जा सकता है।
3. जहां बच्चा सड़कों पर भीख मॅगवाते हुआ पाया जाता है [एनसीपीसीआर–एस0ओ0पी का पृष्ठ संख्या 24–27)	• जहां बच्चे को उपर्युक्त श्रेणियों में से किसी के अंतर्गत पाया जाता है, सीडब्ल्यूसी बच्चे को संस्थागत देखभाल में रखने के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत आवश्यक आदेश पारित करेगी। • इन बच्चों को छुड़ाते समय माता–पिता सहित सड़कों में बच्चे को भीख मॅगवाने वाले लोगों की पहचान की जाएगी और भारतीय न्याय संहिता, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 और बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए तत्काल प्राथमिक सूचना दर्ज की जाएगी।
4. जहां बच्चा यौन शोषण का शिकार हो	• यदि कोई बच्चा यौन शोषण का भी शिकार है या उसका यौन शोषण किया गया है, ऐसे बच्चे के लिए लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अनुसार प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। • बच्चे के बयान लेकर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रावधानों के अनुसार पुलिस द्वारा तत्काल प्राथमिक सूचना दर्ज की जायेगी।
5. जहां बच्चा अवैध व्यापार का शिकार है।	• यदि बाल कल्याण समिति को संदेह है कि बच्चे के अभिभावक या परिवार, वास्तव में जैविक माता–पिता या अभिभावक नहीं हैं, तो बाल कल्याण समिति पुलिस जांच के लिए अनुरोध करेगी कि बच्चे के संरक्षकों की जांच की जाए तथा मानव तस्करी रोधी इकाई को भी सूचित किया जायेगा। • यदि बच्चा उल्लेख करता है कि वह किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा नियंत्रित किया जा रहा

	है, तो पुलिस उक्त मामले में आगे की जांच करेगी और किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत उपयुक्त कार्रवाई तत्काल की जाएगी। • जब तक बच्चे के प्रभारी व्यक्तियों की सही पहचान नहीं हो जाती, सीडब्ल्यूसी बच्चे को संस्थागत देखभाल में रख सकती है और पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चे को माता–पिता/ अभिभावकों को सौंपा जायेगा। • यदि जांच में पता चलता है कि बच्चे को रखने वाले लोग तस्कर हैं, तो अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, जेजे एक्ट, आईटीपीए के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।
6. जहां बच्चे की पहचान हो जाती है किन्तु वह अपने स्थान पर नहीं पाया जाता है।	• ऐसे बच्चे की सूचना सम्बन्धित बाल कल्याण समिति एवं जिला मजिस्ट्रेट को जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दी जायेगी। • जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विशेष किशोर पुलिस इकाई को निर्देश दिया जायेगा कि बच्चे की खोज व पता लगाने के लिये जॉच आरम्भ करें। • बच्चे का पता लगाने के लिये विशेष पुलिस इकाई द्वारा समुचित प्रयास किये जायेगें। • सड़क की स्थिति में रहने वाले बच्चों की पहचान करते समय, चाहे बच्चा अकेला हो अथवा परिवार के साथ हो, यह सुनिश्चित किया जायेगा कि परिवार प्रवासी नहीं है व बच्चे अन्य स्थान पर रहने नहीं जा रहे है।
7. अगर बच्चा दिव्यांग है	• बच्चे के दिव्यांग होने की दशा में बाल कल्याण समिति जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश जारी करेगी। प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग बच्चे को पेंशन योजना के लाभ हेतु नामांकित किया जायेगा। • बाल कल्याण समिति के आदेश पर, बच्चे को आवश्यक चिकित्सा सहायक उपकरण प्रदान कियें जायेगें। • बाल कल्याण समिति, बच्चे की विकलांगता के आधार पर, एक उपयुक्त सांस्थानिक देखभाल के लिए आदेश देगी। • जिला बाल संरक्षण इकाई बच्चे को संस्था में रखने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करेगा। • उचित माध्यमों और हस्तक्षेपों द्वारा मुख्यधारा के समाज में उपर्युक्त बच्चो के समन्वयन और पुनः एकीकरण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

स्ट्रीट चिल्ड्रेन (सी0आई0एस0एस0) का पुनर्वास हेतु

विभिन्न हितधारकों की भूमिका

क्रमांक	हस्तक्षेप/उपाय	संबंधित विभाग/हितधारक
1.	बच्चे का चिन्हिकरण एवं बचाव/रेस्क्यू	जिला प्रशासन, पुलिस, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम विभाग
2.	स्कूल में बच्चे का नामांकन	जिला बाल संरक्षण इकाई (महिला कल्याण), मुख्य शिक्षा अधिकारी (शिक्षा विभाग)
3.	आंगनवाड़ी केंद्र/क्रेच में नामांकन	जिला बाल संरक्षण इकाई/महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग
4.	स्वास्थ्य सेवाएं/ चिकित्सा सहायता	चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
5.	मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं	चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
6.	आश्रय गृह	महिला कल्याण विभाग/समाज कल्याण विभाग
7.	बाल श्रम निषेध	महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग/महिला कल्याण /समाज कल्याण विभाग/श्रम विभाग/पुलिस/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग(एस0सी0पी0सी0आर0)/राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
8.	शोषण व तस्करी के विरूद्ध संरक्षण	विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, पुलिस, जिला बाल संरक्षण इकाई, राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
9.	सड़क पर रहने वाले बच्चे की देखभाल और समग्र सुरक्षा तंत्र का पर्यवेक्षण।	जिला प्रशासन/महिला कल्याण/महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग/पुलिस विभाग /श्रम विभाग/ राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

अनुलग्नक–क

"जोखिम श्रेणी में बच्चों" और "कमजोर परिवारों" की पहचान करने के लिए बुनियादी संकेतक

1. स्कूल छोड़ दिया
2. आंगनबाडी से बाहर
3. पारिवारिक स्थिति:
   - क. परित्यक्त बच्चा
   - ख. तलाकशुदा/विधवा महिला
   - ग. विकलांग बच्चे
   - घ. परिवार में विकलांगता
   - ड़. खराब स्वास्थ्य स्थिति बच्चों को असुरक्षित बना रही है
   - च. वृद्ध माता–पिता

छ. लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में असक्षम परिवार
ज. रिश्तेदार या परिवार के सदस्य पहले से ही पलायन कर चुके हैं और शहरों/शहरी क्षेत्रों में सड़क स्थितियों में हैं
झ. ऐसे परिवार जहां बच्चे तस्करी से बचे हैं
ञ. ऐसे परिवार जिनके पास ऋण व ऐसी अन्य मौद्रिक देनदारियां आदि हैं।
ट. प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित
ठ. परिवार में हताहत या किसी कारण से कमाने वाले सदस्य की मृत्यु
ड. परिवार में दुर्घटना
ढ. वैवाहिक कलह

4. परिवार में दुर्व्यवहारः दुर्व्यवहार /भेदभाव/बच्चे विभिन्न कारणों से नाखुश हैं
5. ऐसे परिवार जहां शराब और नशा आदि अन्य पदार्थों की लत प्रचलित है
6. परिवार के सदस्यों पर बाल अधिकारों के किसी भी उल्लंघन का आरोप लगा हो, पॉक्सो, जेजे एक्ट, बाल श्रम आदि।
7. कूड़ा बीनने वाले परिवार।
8. जो बच्चे मादक द्रव्यों के सेवन या मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम के शिकार हैं
9. गांव व आस–पास के क्षेत्रों में बाल श्रम गतिविधि के शिकार या बाल श्रम में लिप्त
10. घर से फरार/भागने का इतिहास।
11. परिवार की आर्थिक अभाव की स्थिति जो बच्चे को तस्करी के प्रति संवेदनशील बनाती है।

ध्यान दें:

- ऊपर सूचीबद्ध संकेतक मात्र उदाहरण स्वरूप **व्यापक और विचारोत्तेजक** हैं, सूची पूर्ण नहीं है। सूची को समुदाय में रहने वाले अलग–अलग परिवारों के आधार पर जिला/ब्लॉक/ग्राम स्तर पर अनुकूलित और तैयार करने की आवश्यकता है। इसलिए, इस सामुदायिक भागीदारी को सक्षम करने के लिए एक व्यापक सूची बनाना आवश्यक है।

- सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों द्वारा जोखिम श्रेणी और कमजोर परिवारों के बच्चों के प्रोफाइल का मिलान किया जाना चाहिए।

आज्ञा से,

चन्द्रेश कुमार,

सचिव।

The Uttarakhand Rehabilitation Policy for Children Living in Street Situations, 2025

Subject List

Table list..... 29
Indicator List..... 29
1. Introduction..... 30
1.1Introduction..... 30
1.2 Preamble..... 30–31
2. Short Title, Extent and Commencement..... 31–32
3. Definitions..... 32
4. Objectives of the Policy..... 32
5. Process of indentification & rehabilitation of street children..... 32–33
6. Category of Children living in street situation..... 33–34
7. District level Review, Monitoring and Evaluation Committee..... 35
8. State level Review, Monitoring and Evaluation Committee..... 36
9. Responsibilities of various Stakeholders..... 37–49
9.1 State Child Protection Committee..... 37
9.2 Principal Secretary/ Secretary, Women Empowerment and Child Development..... 37–38
9.3 District Magistrate..... 38–41
9.4 Child Welfare Committee..... 41–43
9.5 District Child Protection Unit..... 43–44
9.6 Police Department..... 44
9.7 Labour Department..... 44–45
9.8 Urban Local Bodies/Resident Welfare Associations/Trade Boards..... 45–46
9.9 Revenue Department/Administration..... 46–47
9.10 Education Department/District Education Officer..... 47
9.11 Health and Family Welfare Department/Chief Medical Officer..... 47–48
9.12 State and District Legal Services Authorities..... 48
9.13 Social Welfare Department..... 48
9.14 Skills and Employment Department..... 48–49
10. Immediate services/expected work for rehabilitation of street children after rescue..... 49–52
11.Other measures for rehabilitation of street children..... 52–55
12.Role of various stakeholders..... 55–56
13. Attachment:1- Basic indicators to identify "children at risk" and "vulnerable families".. 56–57

Table list

Sl. No	Subject	Page No.
1-	District level Monitoring and Evaluation Committee	35
2-	State level Monitoring and Evaluation Committee	36
3-	Immediate services and expected work for rehabilitation of street Children (CiSS) after rescue	49–52
4-	Other measures for rehabilitation of street children and victims of crime	52–55
5-	Role of various stakeholders For rehabilitation of street children (CiSS)	55–56

Indicator list

SL. No	Abbreviation	Expansion
1-	CISS	Children in Street Situation (Children living in street like conditions)
2-	NCPCR	National Commission for Protection of Child Rights
3-	SOP	Standard Operating Procedure
4-	CWC	Child Welfare Committee
5-	SJPU	Special Juvenile Police Unit
6-	IEC Material	Information, Education and Communication Material
7-	CNCP	Children in Need of Care and Protection
8-	SIR	Social Investigation Report
9-	SCPS	State Child Protection Society
10-	DCPU	District Child Protection Unit
11-	RTE Act	Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009
12-	ICP	Individual Care Plan
13-	JJ Act	Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015
14-	CCI	Child Care Institution
15-	ITP Act	The Immoral Trafficking (Prevention) Act, 1956
16-	SCPCR	State Commission of Protection of Child Rights

In pursuance of the provision of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No. 245/XVII-2/25-01(12)2022/E-22876, Dated- June 03, 2025 for general information:

NOTIFICATION

Miscellaneous

June 03, 2025

Ref. No. 245/XVII-2/25-01(12)2022/E-22876--The Governor, is pleased to allow to make the Rehabilitation Policy, 2025 for Identification and Rehabilitation of Children Living in Street Situations in the State of Uttarakhand.

Introduction

Introduction 1.1 India is the most populous country in the world. Providing better care, safety and protection to children is not only the most important goal of the state but also a big challenge. There are many such children in India, who are deprived of the love and affection of their families and their fundamental rights, which also includes children living on footpaths, roads, streets, railway stations, markets etc., who spend their lives on roads and footpaths. Generally, the problem of street children (CiSS) is an urban problem, the main reasons for which are poverty, lack of education, family disintegration, lack of resources and increasing population etc.

If seen from the perspective of Uttarakhand, due to its connection with inter-state and international borders, the problem of street children (CiSS) can be seen generally in urban and plain areas. Necessary work is being done in the field of identification and rehabilitation of street children (CiSS) in the state of Uttarakhand but there is a need to take quick and effective action in this direction with even more determination.

Preamble 1.2: Under the provisions of clause (3) of article 15, clause (e) and clause (f) of article 39, article 45 and article 47 of the Constitution of India, it is to be ensured that all the needs of children are met and their basic rights should be completely protected. In this sequence, it is necessary to take action by giving utmost priority to the care and protection of children in the State, for which work should be done towards identification and rehabilitation of street children (CiSS) through better coordination of the structures and resources present in various government systems of the State.

Hon'ble Supreme Court has taken *suo-moto* cognizance in SMWP(C) no.6/2021 with regard to Children living in Street Situations (CiSS) and has passed the following directions in its orders dated 15.11.2021, 13.12.2021 and 17.01.2022:-

1. The District Magistrates/ District Collectors to take steps in accordance with SOP 2.0 formulated by the NCPCR.
2. The Secretary, Department of Women and Child Welfare, shall be the nodal officer to ensure that all the District Magistrates/ District Collectors take prompt

action for implementation of SOP 2.0 formulated by the NCPCR.

3. The process has to start with immediate action being taken by the authorities for identification of CiSS and thereafter, providing the required information to the NCPCR for the later stages as well.
4. The State Governments/Union Territories are directed to promptly attend meetings held by the NCPCR and offer their suggestions, apart from voicing their concerns, if any, in implementation of the SOP 2.0.
5. The State Governments/Union Territories to take immediate action for identifying children living in street situations without any delay and upload the required information on the Bal Swaraj – CiSS portal of the NCPCR.
6. Identification of children and registration of these children at Stage-1 of the NCPCR's Baal Swaraj-CiSS Portal is crucial and that the concerned authorities in the State Governments/Union Territories need not wait for any further instructions from the NCPCR or directions of the Hon'ble Court for proceeding with collecting relevant information on the social background of the children, identification of the benefits under the Individual Care Plan, enquiries to be conducted by the Child Welfare Committees under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 and linking the schemes/benefits with the children, or their families or guardians.
7. The District Magistrates shall upload the relevant information on CiSS portal, not restricted to Stage I, but also the information relating to the other stages.
8. The State Governments/Union Territories to instruct all the concerned authorities to take prompt action in the identification and rehabilitation of children in street situations (CiSS).
9. In the next meeting to be conducted by the NCPCR, the issue relating to rehabilitation of CiSS should be discussed, without waiting for all the stages on the Bal Swaraj – CiSS portal to be completed.
10. Without prolonging the process any further, the State Governments, with the guidance of NCPCR, shall formulate policy for the rehabilitation of CiSS after they have been identified as such in the streets

In compliance of the aforementioned directions of the Hon'ble Supreme Court, this policy made for rehabilitation of children in street situations is prepared by NCPCR for adaptation and implementation by States/UTs according to their prevailing situations with regard to resources, financial grants, infrastructure etc.

2. Short Title, Extent and Commencement

(I) This policy may be called as the Uttarakhand Rehabilitation Policy for Children Living in Street Situations, 2025.

(2) It shall extend to the whole State of Uttarakhand.

(3) It shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

3. Definitions

(a) "Child" means a person who has not completed the age of eighteen years;

(b) "Children living in Street Situation (CISS)" means any child who –

1. In Street Situation, lives alone without companionship, or

2. Lives with his family in street situation, or

3. During the day time lives in street situation and at night lives in a house with their families, which live in nearby slums/huts.

(c) "Best interest of the child" means the basis of any decision taken regarding the child, which ensures fulfilment of his fundamental rights and needs, recognition, social welfare and physical, emotional and intellectual development.

4. Objectives

1. Effective implementation of CiSS SOP 2.0 issued by NCPCR for care and protection of Children living in Street Situations.

2. To take steps for identification and suitable rehabilitation of children living in street situations/ footpath/market/railway station/and doing child labour.

3. To decide the roles and responsibilities of the nodal officer at both State level and District Level for rehabilitation of children in street situations (CiSS).

4. To recommend measures for rehabilitation of children in street situations (CiSS) in accordance with teir prevailing situation and provide for a plan for reporting and monitoring of children in street situations (CiSS).

5. Process of Identification and Rehabilitation of Children in Street Situations (CiSS)

1. Identification of Hotspot areas in district by District Officials through hotspot and vulnerability mapping.

2. Identification and rescue of Children in street situations (CiSS) by the district authorities with the support of government machinery and voluntary organizations.

3.Uploading information of all rescued street children (CiSS) on Bal Swaraj Portal and issuing identity cards to street children (CiSS) registered on the portal.

4.Immediate health checkup of rescued children and to provide services like counselling, medical treatment, clothing, food etc.

5.Child Welfare Committee (CWC) issues orders as per requirement for children to stay with parents/guardians/relatives or in institutional/non-institutional care.

6.Preparing child's Social Investigation Report (SIR) and Individual Child Care Plan (ICP).

7.To connect children and families with government schemes/benefits to provide financial assistance as per the orders of the Child Welfare Committee (CWC).

8.Follow-up action by the district authorities of the rescued children as per the recommendations made in the Individual Care Plan.

6. Category of Children in Street Situations (CiSS):

1. ***Children without support living on the streets all alone***: These are children without any parental anchor or family support system living on the streets, pavements or any public places on their own. For them, street is the home. Example are missing, runaway, abandoned and orphan children.
2. ***Children stay on the streets in the day and are back home in the night with their families who reside in a nearby slum/hutments***: These are children who spend their time on street, loitering in the day time. However, they go home during the night to be with their parents who live in a nearby slum or hutment. These children may be found simply loitering, begging, picking rags or selling goods/items. This set of children lacks parental guidance, as their parents too are struggling for their own survival.
3. ***Children living on the streets with their families***: These are children living with their families on the streets. They are from different parts of the country and have migrated to the city to earn their subsistence. They mostly work in the unorganized sector, like temporary labour in construction. These families include seasonal as well as permanent migrants. Children of these families also live on the street with them, mostly loitering, begging, picking rags or doing child labour with their parents, selling goods/items, etc.

Some examples of CNCP who come under the above-mentioned three broad categories of CiSS are as follows:

1. **Abandoned child living on the streets:** A child deserted by his biological or adoptive parents or guardians and now living on the streets.

2. **Abandoned child with disability living on the streets:** A large number of children are abandoned by parents due to physical, neurological or mental disability of the child. Many such children are often found in street situations who are mentally challenged or physically challenged/disabled which exacerbates their vulnerabilities much more than other CiSS.

3. **Orphan child living on the streets:** A child living on the streets, without biological or adoptive parents or guardian, or whose legal guardian is not willing to take or incapable of taking care of the child.

4. **Child labour:** Children who are working in contravention of labour laws in a shop, commercial establishment, firm, hotel, restaurant, public entertainment or other places. It is the system of employing or engaging a child (below 14 years) to provide labour or service to any person, for any payment or benefit, paid to the child or to any other person exercising control over the said child. There are children also in street situations who are engaged in child labour.

5. **Working children:** Children who for income polish shoes; work in eateries, tea stalls, roadside stalls, repair shops, construction sites, markets etc.; and vendors (selling flowers, newspapers, fruits and other items on the roads/at traffic signals). They depend on these types of work for their survival on a daily basis.

6. **Child beggars:** Child beggars are those children who are soliciting or receiving alms in a public place or entering into any private premises for the purpose of soliciting or receiving alms, under any pretence, or exposing or exhibiting with the object to obtaining or extorting alms, any sore, wound, injury, deformity or disease, whether of himself or of any other person or of an animal.

7. **Rag pickers:** Children who pick waste on the roadside or in the premises of railway station, bus terminus or any public places.

8. Children living and working on the platforms of railway stations.

9. Children living and working with families on streets/pavements/bus stands/railway stations/under flyovers etc.

10. Children living with families in slums/hutments and working on streets; living with families at construction sites.

11. Children of commercial sex workers/children living in red light areas loitering on the streets.

12. Children loitering on the beach/living on the beach (with or without families) in tourist hotspots.

13. **Children in sibling care:** The CiSS themselves are CNCP, take care of their siblings who live on streets.

14. Children who are substance abusers living on the streets.

15. Children performing on the streets.

16. Children cleaning automobile wind screen, etc.

7. District level Review, Monitoring and Evaluation Committee for Rehabilitation of Children in Street Situations (CiSS).

Sl. No	Officers	Designation
1-	District Magistrate	Chairperson
2-	Secretary, District Legal Services Authority	Member
3-	Senior Superintendent of Police/SP	Member
4-	In-Charge Traffic Police	Member
5-	Nodal officer, Special Juvenile Police Unit (SJPU)	Member
6-	Local body/ Executive Officer Municipal Corporation/Nagar Panchayat	Member
7-	District Developmen Officer (DDO), Panchayat Raj	Member
8-	Block Development Officer (BDO) of Hotspot Areas	Member
9-	District Child Protection Officer/District Probation Officer	Member Secretary
10-	Chief Education Officer	Member
11-	Nodal Officer, Anti Human Trafficking Unit (Police)	Member
12-	Representatives of Child Welfare Committee/Juvenile Justice Board	Member
13-	Sub Division Magistrate/City Magistrate of Hotspot Areas	Member
14-	Chief Medical Officer	Member
15-	District Labour Officer	Member
16-	District Social Welfare Officer	Member
17-	Counselor/Psychologist (District Child Protection Unit & Child Helpline 1098)	Member
18-	District Program Officer/Child Development Project Officer of Hot Spot Areas	Member
19-	Representatives of NGOs working against child labour/street children (CiSS)	Member
20-	In-charge, Open Shelter Home	Member
21-	Representatives of Child Helpline Unit/Railway/Bus Child helpline	Member

8. State Level Review, Monitoring and Evaluation Committee for Rehabilitation of Children in Street Situations (CiSS).:

Sl. No	Officers	Designation
1-	Chief Secretary, Govt. of Uttarakhand	Chairperson
2-	Secretary, State Legal Service Authority	Member
3-	Director General of Police	Member
4-	ADG/IG, Traffic	Member
5-	ADG/IG (Child Welfare)	Member
6-	ADG/IG (Law & Order)	Member
7-	Principle Secretary/ Secretary, Department of Women Empowerment & Child Development, Govt. of Uttarakhand	Member Secretary
8-	Principle Secretary/ Secretary, Department of Social Welfare, Govt. of Uttarakhand	Member
9-	Principle Secretary/ Secretary, Department of Health & Family Welfare, Govt. of Uttarakhand	Member
10-	Principle Secretary/ Secretary, Education Department, Govt. of Uttarakhand	Member
11-	Principle Secretary/ Secretary, Labour Department, Govt. of Uttarakhand	Member
12-	Principle Secretary/ Secretary, Law Department, Govt. of Uttarakhand	Member
13-	Principle Secretary/ Secretary, Rural Department, Govt. of Uttarakhand	Member
14-	Principle Secretary/ Secretary, Urban Department, Govt. of Uttarakhand	Member
15-	Principle Secretary/ Secretary, Panchayati Raj, Govt. of Uttarakhand	Member
16-	Director, Department of Women Welfare, Uttarakhand	Co Member Secretary

Review, Supervision and Monitoring of Rehabilitation of Children in Street Situations (CiSS) on a regular basis

Principal Secretary/Secretary, Department of Women Empowerment & Child Development, Govt. of Uttarakhand

- Take review meeting with District Magistrate on regular basis to check status of rehabilitation of CiSS
- Present report on the status of identification and rehabilitation of CiSS to Ministry of Women and Child Development Govt. of India
- Develop mechanism for District Magistrates to provide a kit of Rs. 2000/- on an immediate basis to every CiSS rescued from the street. The amount may be arranged from the Juvenile Justice fund created under JJ Act, 2015
- Ensure and facilitate enrolment of children in street situation (CiSS) in Aanganwadi Centres, Crechesand Neighbourhood Schools
- Formulate a private Sponsorship program through CSR initiatives under Section 45 of JJ Act, 2015
- Strengthening the family of street children (CiSS) to keep the children away from the streets

9. Responsibilities of various stakeholders

9.1 Responsibilities of State Child Protection Society (SCPS):-

9.1.1 Implementation of private sponsorship programme of the State Government, to ensure that maximum benefit can be given to Children in Street Situations (CiSS) through CSR initiatives of industries and companies. The private sponsorship programme may be implemented for individual to individual sponsors who are willing to provide financial assistance to the CiSS.

9.1.2 Conduct training programmes for district level officers and State level officers for identification, rescue and rehabilitation of Children in Street Situations (CiSS). The training progamme may include District Magistrates, Child Welfare Committee, District Child Protection Officers, Police Personnel, Labour Officers etc.

9.1.3 Capacity building workshops for district officials to enable them to conduct rescue drives periodically.

9.1.4 Based on the data received from the district, necessary action shall be taken to open a Shelter Home/Rehabilitation center for rehabilitation of CiSS.

9.1.5 According to the convergence matrix in the guidelines of Mission Vatsalya, action will be taken for the rehabilitation of street children (CiSS) by coordinating with different departments.

9.2 Responsibilities of the Principal Secretary/Secretary, Department of Women Empowerment and Child Development: -

9.2.1 Principal Secretary/Secretary, Department of Women Empowerment and Child Development, as the nodal officer, shall ensure that all the District Magistrates take prompt action for the implementation of SOP 2.0 prepared by the National Commission for Protection of Child Rights.

9.2.2 For the purpose of providing immediate relief to the identified street children (CiSS) from the Juvenile Justice Fund created under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015. Relief material kits (essential things as per requirement of CiSS) up to Rs 2000/- or Rs 2000/- will be distributed through the District Magistrates.

9.2.3 The activities and actions being taken at the district level for the rescue and rehabilitation of street children (CiSS) shall be monitored and supervised.

9.2.4 Information regarding the rehabilitation of identified or rescued children shall be obtained from the District Magistrates on a quarterly basis.

9.2.5 District Magistrates shall be directed to formulate process to provide all eligible financial benefits and compensation to the child and family in a time bound manner.

9.2.6 An Individual Sponsorship Program shall be created through CSR initiatives under Section 45 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act 2015.

9.2.7 Follow-up of children enrolled under the private sponsorship program shall be undertaken to ensure that the children are enrolled in schools and attend classes regularly. This follow up action may be taken under the rules 2B (2) of Child and Adolescent (Prohibition and Regulation) Rules, 1988, on the basis of data collected by the District Education Officers.

9.2.8 As per Convergence Matrix provided in the guidelines of Mission Vatsalya, action shall be taken for rehabilitation of street children (CiSS) by coordinating with the relevant departments.

9.3 Responsibilities of District Magistrate/Collector:-

9.3.1 Identification of hotspot areas.(As per Annexure-D of SOP 2.0 of NCPCR)

9.3.2 Identification of children living in slums around hotspots (as per vulnerability mapping indicator at Annexure-A of SOP 2.0, NCPCR).

9.3.3 In such villages and urban settlements, identification and assessment of "at-risk children and vulnerable families".

9.3.4 Regular discussions shall be held with concerned stakeholders at district, block and village level.

9.3.5 Review meetings shall be organized by the District Magistrate on regular basis in a time bound manner and the process of identification and rescue of street children (CiSS) shall be reviewed in other such important meetings at the Commissioner level also.

9.3.6 A report on the review conducted in relation to street children (CiSS) shall be submitted to the Principal Secretary/Secretary, Department of Women Empowerment & Child Development by the District Magistrate on regular basis within the stipulated time frame.

9.3.7 Duty chart shall be prepared by Officers of various departments like- Senior Superintendent of Police (SSP)/(SP), District Development Officer (DDO), Block Development Officer (BDO), District Panchayat Raj Officer, District Development Officer (DDO), Child Development Project Officer, District Child Protection Officer, District Social Welfare Officer, Chief Education Officer, Child Welfare Committee, Juvenile Justice Board, Special Juvenile Police Unit, AHTU, Chief Medical Officer, PHED, RTO, District Employment Officer etc. regarding their individual roles and responsibilities for identification and rehabilitation of street children (CiSS).

9.3.8 A rescue team shall be formed by the District Magistrate with the membership of the following officers:

- Assistant Superintendent of Police/Representative- Special Juvenile Police Unit (SJPU)
- District Child Protection Officer/District Probation Officer
- District Social Welfare Officer
- Chairperson/Member, Child Welfare Committee

- District Labour Officer
- District Skill Development Officer/District Employment Officer
- Chief Education Officer
- Representative, Uttarakhand State Commission for Protection of Child Rights
- 02 Representative, Non-government institutions, which are running open shelter homes or working for the welfare of children.

9.3.9 By enlisting the schemes run for the welfare of children and women in various departments, street children (CiSS) shall be linked to government schemes for rehabilitation.

9.3.10 The District Magistrate shall direct the concerned departments to make Aadhar Card and Ayushman Card for street children (CiSS) and their families.

9.3.11 Identification and rescue of street children (CiSS) is a time bound process which needs to be done by the authorities on regular basis for which a rescue team shall be formed by the District Magistrate, which shall rescue street children (CiSS) from hotspot areas every month or 15 days.

9.3.12 The District Magistrate may issue directions to create a pool/panel of trained counselors in the district and formally appoint such counselors in the district who shall provide necessary counseling and mental health care and support to street children (CiSS) and their families.

9.3.13 Labour Department through District Magistrate, shall take action as per the provisions mentioned in Uttarakhand Child and Adolescent Labor (Prohibition and Regulation) Rules, 2022, issued by the Uttarakhand Government.

9.3.14 The District Magistrate shall effectively implement the Ministry of Health and Family Welfare's circular no.11029/6/2010-DDAP to regulate and control the sale of correction fluid and thinner, which are substances commonly used in offices but are allegedly being widely misused as drugs by children/street children (CiSS).

9.3.15 The sale of thinner and correction fluid used by street children (CiSS) should be controlled., which is commonly used in offices.

